सोमवार, 4 मई 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 24 – 32 |
| आर्द्रता | 82% |
| सूर्योदय: 05:02 | सूर्यास्त: 18:03 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



कोयला गैसीकरण परियोजनाओं के लिए 37,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को जल्द मिल सकती है मंजूरी पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : कीमत बोलने की भी और चुप रहने की भी चुकानी पड़ती है।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# कड़ी सुरक्षा में मतगणना आज

## परिवर्तन या वापसी, क्या फिर चलेगा ममता का जादू या पहली बार खिलेगा कमल?



### मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

चुनाव आयोग ने मतगणना केंद्रों में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं। केंद्रीय बल की 700 कंपनियां तैनात रहेंगी। बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी भी मुस्तैद रहेंगे। अंदर केंद्रीय बल व बाहर पुलिस का दो स्तरीय सुरक्षा घेरा होगा। 77 पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। मतगणना केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू रहेगी। कोलकाता के सात मतगणना केंद्रों पर 1,500 सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। मतगणना कर्मियों के लिए क्यूआर कोड वाला परिचय पत्र जारी किया गया है। मतगणना केंद्र के अंदर किसी को भी मोबाइल के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। आयोग ने 432 मतगणना पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं।

- **293 सीटों पर 2917 प्रत्याशियों की सियासी किस्मत का होगा फैसला**
- **राज्य के 77 मतगणना केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा, अभेद्य दुर्ग में तब्दील**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्ला एइबार कार? (बंगाल इस बार किसका?) पिछले कई महीनों से सबकी जुबां पर तैर रहे इस प्रश्न का आज उत्तर मिल जाएगा, जब बंगाल की 294 में से 293 विधानसभा सीटों के परिणाम घोषित होंगे। फलता सीट पर 21 मई को पुनर्मतदान होगा और उसकी मतगणना 24 मई को होगी। सबकी निगाहें कोलकाता की भवानीपुर सीट पर टिकी हैं, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी में कांटे की टक्कर बताई जा रही है। 2021 के विस चुनाव में दोनों नंदीग्राम में आमने-सामने थे, जहां सुवेंदु ने जीत दर्ज की थी। राज्य के 77 मतगणना केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा में सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। दोपहर तक साफ हो जाएगा कि तृणमूल कांग्रेस लगातार चौथी बार सत्ता पर काबिज होने वाली है या जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की धरती पर भाजपा पहली बार सरकार बनाएगी, अथवा नतीजे इससे बिल्कुल इतर होने जा रहे हैं। यह भी देखने वाली बात होगी कि बंगाल में हाशिए पर पड़ी कांग्रेस व वाममोर्चा कैसा प्रदर्शन करते हैं।

### पोस्टल बैलेट से शुरू होगी मतगणना, जरूरत पड़ने पर रोकी जा सकती है ईवीएम काउंटिंग



निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतगणना की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से होगी, जिसमें पोस्टल बैलेट को प्राथमिकता दी जाएगी। आयोग के निर्देश के अनुसार, सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होगी और पहले आधे घंटे तक केवल पोस्टल बैलेट ही गिने जाएंगे। इसके बाद, सुबह 8:30 बजे से इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की गिनती भी शुरू हो जाएगी। इसके बाद, पोस्टल बैलेट और ईवीएम-दोनों की गिनती एक साथ चलेगी। हालांकि, आयोग ने यह भी साफ किया है कि पोस्टल बैलेट की गिनती ईवीएम के सभी राउंड पूरे होने से पहले खत्म करना अनिवार्य है। अगर ऐसी स्थिति बनती है कि ईवीएम के अंतिम चरण में पहुंचने के बाद भी पोस्टल बैलेट की गिनती बाकी रह जाती है, तो ईवीएम की गिनती अस्थायी रूप से रोक दी जाएगी। पहले पोस्टल बैलेट की गिनती पूरी की जाएगी और उसके बाद ईवीएम के बाकी राउंड की गिनती फिर से शुरू होगी। मतगणना केंद्रों में पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए अलग कमरे बनाए गए हैं। राज्य भर में 293 कमरों में पोस्टल बैलेट की गिनती की व्यवस्था की गई है। पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान की सुविधा चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों, पुलिस, स्वास्थ्य कर्मियों, दमकल कर्मियों, विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों, मान्यता प्राप्त पत्रकारों और सशस्त्र बलों के जवानों को दी जाती है। इसके अलावा, कुछ विशेष परिस्थितियों में हिरासत में लिए गए मतदाताओं को भी यह सुविधा मिलती है।

### चार और राज्यों में भी आज जनादेश

**नयी दिल्ली :** असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के बाद आज मतों की गिनती होगी। सभी राज्यों में मतगणना सुबह आठ बजे डाक मतपत्रों की गिनती से शुरू होगी और इसके लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। **असम** में 126 विधानसभा सीटों के लिए 40 केंद्रों पर मतगणना होगी। राज्य में 722 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा। भाजपा के नेतृत्व वाला राजग यहां लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की उम्मीद कर रहा है। मतगणना केंद्रों और ईवीएम की सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है। **केरल** में 140 सीटों के लिए मतगणना होगी, जहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच सीधा मुकाबला है। भाजपा भी राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है। राज्य में 43 स्थानों पर मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। **तमिलनाडु** में 234 सीटों के लिए 62 केंद्रों पर मतों की गिनती होगी। सत्तारूढ़ द्रमुक एक बार फिर सत्ता में लौटने की उम्मीद कर रही है, जबकि अन्नाद्रमुक और अन्य दल उसे चुनौती दे रहे हैं। मतगणना के लिए बड़ी संख्या में कर्मियों की तैनाती की गई है। **पुडुचेरी** में छह मतगणना केंद्र बनाए गए हैं, जहां विभिन्न गठबंधनों के बीच मुकाबला है। निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों में शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतगणना सुनिश्चित करने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है।

### अमेरिका में ट्रंप की लोकप्रियता घटी, आर्थिक मुद्दों पर 66 प्रतिशत अमेरिकी असंतुष्ट: सर्वेक्षण

**वाशिंगटन :** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की समग्र लोकप्रियता घटकर 37 प्रतिशत रह गई है और 66 प्रतिशत अमेरिकी नागरिक उनकी आर्थिक नीतियों से संतुष्ट नहीं हैं। एक सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई है। अमेरिका में राष्ट्रपति के चार साल के कार्यकाल के बीच में, नवंबर में होने वाले चुनावों से पहले इस सर्वेक्षण को काफी अहम माना जा रहा है। 'वाशिंगटन पोस्ट-एबीसी न्यूज-इप्सोस' द्वारा किये गए सर्वेक्षण के अनुसार, आव्रजन के मुद्दे पर ट्रंप को अपेक्षाकृत बेहतर समर्थन मिला है। अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर उनकी नीतियों को 45 प्रतिशत लोगों ने मंजूरी दी, जबकि 54 प्रतिशत ने इस पर असहमति जताई है। सर्वेक्षण में बड़ी संख्या में अमेरिकियों ने कहा कि वे प्रमुख मुद्दों पर किसी भी राजनीतिक दल पर भरोसा नहीं करते। आव्रजन पर 23 प्रतिशत, अर्थव्यवस्था पर 27 प्रतिशत, अपराध पर 28 प्रतिशत और महंगाई पर 33 प्रतिशत लोगों ने किसी भी दल पर भरोसा नहीं जताया। अमेरिका के करीब 51 प्रतिशत लोगों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के मुद्दे पर भी न तो रिपब्लिकन और न ही डेमोक्रेटिक पार्टी पर भरोसा जताया। ईरान के साथ तनाव ने आर्थिक मुद्दों पर ट्रंप के प्रति विश्वास को प्रभावित किया है, जो 2024 में राष्ट्रपति पद पर दूसरे कार्यकाल के लिए उनकी वापसी में अहम रहा था। अमेरिकी नागरिकों में 66 प्रतिशत ने ईरान से निपटने के उनके तरीके को लेकर असहमति जताई, जबकि 33 प्रतिशत ने समर्थन किया।

अंतरिक्ष में भारत की नई छलांग

## दुनिया की पहली ऑप्टोसार सैटेलाइट की लॉन्चिंग कर मनवाया अपना लोहा

**नयी दिल्ली :** 'स्पेसएक्स' ने रविवार को कैलिफॉर्निया से फाल्कन 9 रॉकेट के जरिये बेंगलुरु आधारित स्टार्ट-अप 'गैलेक्सआई' के मिशन दृष्टि उपग्रह का प्रक्षेपण किया। कंपनी के अनुसार, मिशन दृष्टि दुनिया का पहला 'ऑप्टोएसएआर' उपग्रह है, जिसमें 'इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल' (ईओ) और सिंथेटिक अपर्चर रडार' (एसएआर) सेंसर को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ा गया है। ईओ सेंसर धूप और साफ मौसम में 'हाई-रेजोल्यूशन' तस्वीरें लेते हैं जबकि एसएआर सेंसर 'रडार पल्स' के जरिए हर मौसम और हर समय तस्वीरें उपलब्ध कराते हैं। कंपनी के संस्थापक और सीईओ सुयश सिंह ने एक बयान में कहा, मिशन दृष्टि के सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचने के बाद हमारा ध्यान इसकी कमीशनिंग को पूरा करने पर है। इस चरण के दौरान हम अपने ऑप्टोएसएआर पेलोड से मिलने वाले अलग तरह के डेटा को लेकर दुनियाभर में खासी रुचि देख रहे हैं। कंपनी ने कहा कि यह उपग्रह पारंपरिक प्रणालियों की सीमाओं से आगे जाने में मदद करेगा और विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों में अधिक विश्वसनीय व निरंतर डेटा उपलब्ध कराएगा।



### प्रधानमंत्र मोदी ने प्रक्षेपण पर प्रसन्नता व्यक्त की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गैलेक्सआई द्वारा विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह मिशन 'दृष्टि' के प्रक्षेपण की सराहना करते हुए इसे नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति युवाओं के जुनून का प्रमाण बताया।

## देशभर के 551 शहरों में आयोजित हुई नीट-यूजी 2026 परीक्षा

### 23 लाख से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल



**नयी दिल्ली :** देशभर के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-यूजी 2026 परीक्षा आयोजित की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने परीक्षा की जमीनी तैयारियों का जायजा लेने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) मुख्यालय का दौरा किया। प्रधान ने इस दौरान परीक्षा की व्यवस्थाओं, परीक्षा केंद्रों के साथ समन्वय और सुचारू संचालन के लिए स्थापित निगरानी तंत्र जैसे प्रमुख पहलुओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री को बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को संभालने और परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखने के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एनटीए द्वारा आयोजित इस परीक्षा में देशभर के विभिन्न केंद्रों पर कड़े प्रोटोकॉल के बीच लगभग 23 लाख पंजीकृत अभ्यर्थी शामिल हुए। नीट-यूजी देश की सबसे बड़ी स्नातक स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में से एक है और इसके माध्यम से एमबीबीएस, बीडीएस तथा अन्य संबद्ध चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिला दिया जाता है।

### देशभर के स्वास्थ्य सुविधाओं में चार से दस मई तक 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' का आयोजन होगा

**नयी दिल्ली :** स्वास्थ्य मंत्रालय चार से दस मई तक देशभर की सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' का आयोजन करेगा, जिसका उद्देश्य अग्नि जोखिमों की रोकथाम और उनसे निपटने की तैयारी को मजबूत करना तथा जागरूकता बढ़ाना है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में शनिवार को कहा गया कि राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों व विभागों के सहयोग से आयोजित किए जा रहे सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव द्वारा यहां कर्तव्य भवन में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह का एक प्रमुख आकर्षण स्वास्थ्य सचिव द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं में अग्नि सुरक्षा पर संकल्प दिलाना होगा, जिसमें स्वास्थ्य संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानदंडों और तैयारियों के उपायों का कड़ाई से पालन करने की प्रतिबद्धता दोहराई जाएगी।

## भारत ने लिपुलेख दर्रे के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति को खारिज किया

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से दशकों से आयोजित होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति को रविवार को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि क्षेत्रीय दावों का ऐसा ''एकतरफा कृत्रिम विस्तार'' अस्वीकार्य है। नेपाल ने रविवार को भारत और चीन द्वारा लिपुलेख दर्रे के रास्ते आगामी कैलाश मानसरोवर यात्रा आयोजित करने की योजना पर आपत्ति जताई और दावा किया कि यह उसका क्षेत्र है। नेपाल ने कहा कि तीर्थयात्रा के मार्ग को अंतिम रूप देने से पहले उससे परामर्श नहीं किया गया। नेपाल की इस आपत्ति के बाद भारत की कड़ी प्रतिक्रिया आई है। विदेश मंत्रालय ने 30 अप्रैल को घोषणा की थी कि वार्षिक कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष जून से अगस्त तक दो मार्गों – उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा और सिक्किम में नाथू ला दर्रा – के रास्ते होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''इस संबंध में भारत का रुख हमेशा एक जैसा और स्पष्ट रहा है। लिपुलेख दर्रा 1954 से कैलाश मानसरोवर यात्रा का एक प्रमुख मार्ग रहा है और इस मार्ग से यात्रा दशकों से होती रही है।'' उन्होंने कहा, ''यह कोई नया घटनाक्रम नहीं है। क्षेत्रीय दावों के संबंध में, भारत लगातार यह कहता रहा है कि ऐसे दावे न तो न्यायसंगत हैं और न ही ऐतिहासिक तथ्यों एवं साक्ष्यों पर आधारित हैं।''

## न्यायालय आधार कार्ड को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर आज सुनवाई करेगा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह केवल छह वर्ष तक की आयु के नागरिकों को ही नए आधार कार्ड जारी करे और किशोरों और वयस्कों को आधार कार्ड जारी करने के लिए सख्त दिशानिर्देश तैयार करे ताकि घुसपैठियों को भारतीय नागरिक के तौर पर पहचान प्राप्त करने से रोका जा सके। उच्चतम न्यायालय द्वारा चार मई को सुनवाई के लिए जारी मुकदमों की सूची के मुताबिक आधार संबंधी इस याचिका पर प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष सुनवाई होगी। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका में अधिकारियों को सामान्य सेवा केंद्रों पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है, जिसमें उल्लेख हो कि 12 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या केवल ''पहचान का प्रमाण'' है, न कि नागरिकता, पता या जन्मतिथि का प्रमाण। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अलावा, याचिका में यूआईडीएआई (जो आधार कार्ड जारी करने वाला प्राधिकरण है) और केंद्रीय गृह मंत्रालय, कानून और न्याय मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को पक्षकार बनाया गया है। अधिवक्ता अश्वनी दुबे के जरिये दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि आधार कार्ड को मूल रूप से पहचान के प्रमाण के रूप में बनाया गया था,लेकिन यह एक 'बुनियादी दस्तावेज' बन गया है, जो व्यक्तियों को राशन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र और मतदाता पहचान पत्र जैसे अन्य पहचान दस्तावेज प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

## बीजिंग पहुंचे भारत के नये राजदूत का अधिकारियों ने स्वागत किया

**बीजिंग :** चीन में भारत के नामित राजदूत विक्रम दुरईस्वामी रविवार को बीजिंग पहुंचे, जहां वरिष्ठ चीनी और भारतीय अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अधिकारियों ने बताया कि चीनी विदेश मंत्रालय के एशिया विभाग के उप निदेशक ली जियांबो और भारतीय दूतावास की प्रभारी एंजेलीन प्रेमलता ने भारतीय मिशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शंघाई से आने पर दुरईस्वामी का स्वागत किया। दुरईस्वामी शनिवार को शंघाई पहुंचे थे। उम्मीद है कि उनकी नियुक्ति से भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने की मौजूदा प्रक्रिया को गति मिलेगी।

## आरटीआई अधिनियम के तहत पति या पत्नी की आय का विवरण नहीं मांगा जा सकता: दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि कोई व्यक्ति सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत आवेदन दाखिल करके अधिकारियों से अपने पति या पत्नी की आय का विवरण प्राप्त नहीं कर सकता। उच्च न्यायालय ने यह फैसला तब दिया जब एक महिला ने दावा किया कि भरण-पोषण के उसके दावे के उचित निपटारे के लिए यह जानकारी आवश्यक है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि सार्वजनिक हित से संबंधित न होने पर व्यक्तिगत जानकारी को अधिनियम की धारा 8 (1) (जे) के तहत प्रकटीकरण से छूट दी गई है और उच्चतम न्यायालय के अनुसार, किसी व्यक्ति का आयकर रिटर्न उस श्रेणी में आता है। अदालत महिला के पति की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उसने केंद्रीय सूचना आयुक्त (सीआईसी) के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें आयकर अधिकारियों को उसकी अलग रह रही पत्नी द्वारा दायर आरटीआई आवेदन पर वित्त वर्ष 2007-2008 के लिए उसकी अगली कर योग्य आय का विवरण प्रकट करने का निर्देश दिया गया था। उच्च न्यायालय ने सीआईसी द्वारा 2021 में पारित आदेश को ''कानूनी रूप से अस्थिर'' बताते हुए 28 अप्रैल को दिए अपने फैसले में कहा कि पत्नी द्वारा मांगी गई जानकारी निस्संदेह याचिकाकर्ता की 'व्यक्तिगत जानकारी' थी, जिसे प्रकट करने का निर्देश नहीं दिया जा सकता क्योंकि यह ''व्यापक जनहित'' के अपवाद के अंतर्गत नहीं आती।

## भारत आ रहे एलपीजी टैंकर ने होर्मुज जलडमरूमध्य पार किया

**नयी दिल्ली :** भारत के लिए तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर आ रहा एक टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य से निकल चुका है और अब देश की ओर बढ़ रहा है। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि मार्शल द्वीप के ध्वज वाला यह एलपीजी वाहक 'एमटी सर्व शक्ति' 46,313 टन एलपीजी की ढुलाई कर रहा है। इसमें चालक दल के 20 सदस्य सवार हैं, जिनमें 18 भारतीय नागरिक हैं। पोत ने दो मई को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को पार किया। इसके 13 मई तक विशाखापत्तनम पहुंचने की संभावना है। बयान के अनुसार, यह खेप देश की आधे दिन की आवश्यकता के बराबर है और पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद से उत्पन्न आपूर्ति दबाव को आंशिक रूप से कम करने में सहायक होगी। जहाज की स्थिति संबंधी आंकड़ों के अनुसार, रविवार शाम यह ओमान की खाड़ी में था। यह विशाल गैस वाहक पहले भी फारस की खाड़ी और भारतीय बंदर-गाहों के बीच आवागमन करता रहा है और इसे सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने अनुबंधित किया है। 'सर्व शक्ति' अमेरिका द्वारा ईरान से जुड़े जहाजों पर लगाए गए हालिया प्रतिबंध के बाद युद्ध क्षेत्र को पार करने वाला भारत से जुड़ा पहला टैंकर है। वर्तमान में भारतीय ध्वज वाले या भारत के स्वामित्व वाले 14 जहाज अब भी होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए हैं।

### ईरान ने 30 दिन के भीतर युद्ध समाप्त करने का प्रस्ताव दिया, ट्रंप को इसपर संदेह

**दुबई :** ईरान ने अमेरिका को भेजे नवीनतम प्रस्ताव में दोनों देशों के बीच गतिरोध के लिए जिम्मेदार मुद्दों को 30 दिनों के भीतर सुलझाने का आह्वान किया है। उसने कहा कि इसका उद्देश्य युद्धविराम को बढ़ाने के बजाय युद्ध को समाप्त करना है। ईरानी सरकार से जुड़ी मीडिया ने यह खबर दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वह युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान के एक नए प्रस्ताव पर मंथन कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने ईरान के साथ कोई समझौता होने की संभावना पर संदेह भी जताया। ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों से घनिष्ठ संबंध रखने वाली अर्ध-सरकारी 'नूर न्यूज एजेंसी'ने खबर दी कि खाड़ी देश की ओर से भेजे गए 14 सूत्री प्रस्ताव में युद्धविराम की अवधि बढ़ाने के बजाय युद्ध को समाप्त का आह्वान किया गया है। उसने बताया कि अमेरिका की नौ सूत्री योजना के जवाब में दिए गए इस प्रस्ताव में अमेरिका से ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने, नौसैनिक नाकेबंदी समाप्त करने, क्षेत्र से सेना वापस बुलाने और लेबनान में इजराइल के सैन्य अभियानों सहित सभी प्रकार की शत्रुता समाप्त करने का आह्वान किया गया है।



## ध्वनि प्रदूषण का सेहत पर घातक असर

यूं तो हाल के वर्षों में आम भारतीय की अभिव्यक्ति में तल्खी व शोर का ग्राफ तेज हुआ है। अभिव्यक्ति का मुखर होना अच्छा है लेकिन उसका तल्ख होना, किसी की भी सेहत के लिए अच्छा नहीं है। वैसे हमारे परिवेश में लगातार बढ़ता शोर झेलना हमारी नियति हो चला है। सड़कों पर वाहनों के शोर, नये दौर के कर्कश संगीत से लेकर राजनीतिक विमर्श में होने वाले शोरगुल वाले संवाद से लेकर तमाम ऐसा कुछ घट रहा है, जो हमारी परेशानी का सबब बन रहा है। यूं तो कोई प्रमाणिक राष्ट्रव्यापी वैज्ञानिक शोध व्यापक रूप में हमारे सामने तो नहीं आए हैं जो ठीक-ठीक बताएं कि ध्वनि प्रदूषण हमारी सेहत पर कितना घातक असर डाल रहा है। लेकिन गाहे-बगाहे सामने आए आंकड़े इस बात की पुष्टि जरूर करते हैं कि लगातार बढ़ता शोर हमारी सेहत बिगाड़ रहा है। लेकिन इसके बावजूद इसे रोकने के लिए उचित निगरानी, समयबद्ध कार्रवाई और दंड के प्रावधान लागू होते नजर नहीं आते हैं। लेकिन विभिन्न अध्ययनों के निष्कर्ष बता रहे हैं देश के महानगरों से लेकर कस्बों तक हमारे परिवेश का शोर तय मानकों से कहीं अधिक है। जाहिरा तौर ये शोर हमारी सेहत को गहरे तक प्रभावित कर रहा है। जिससे न केवल हमारी श्रवण शक्ति कमजोर हो रही है बल्कि नींद में कमी, मानसिक तनाव, उच्च रक्तचाप के अलावा हृदय रोग तक का खतरा बढ़ रहा है। लेकिन इस दिशा में कागजों में तो लुभावनी योजनाएं तो बनायी जाती हैं लेकिन जमीनी हकीकत बदलती नजर नहीं आती। यह सुखद है कि पिछले दिनों देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस दिशा में नई पहल शुरू की गई है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया आरंभ की है। दावा किया जा रहा है कि प्रदूषण के स्रोतों की कायदे से निगरानी होगी। इसके अलावा समयबद्ध ढंग से कार्रवाई होगी। साथ ही जुर्माना भी अनिवार्य रूप से वसूला जाएगा। ये तो आने वाला वक्त बताएगा कि अच्छी योजना कितनी जमीनी हकीकत बनती है।

लेकिन सवाल यह है कि जब देश में पहले से शोर नियंत्रण के कानून मौजूद हैं और हमारी अदालतें भी समय-समय पर हमारे नीति नियंताओं को आगाह करती ही रहती हैं, तो फिर सूरत क्यों नहीं बदलती। आखिर इन नियम-कानूनों के क्रियान्वयन में कहां खोट रह जाता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम, 2000 के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों, निर्माण कार्यों और उद्योगों में इस्तेमाल की जाने वाली मशीनों, वाहनों के हार्न आदि अन्य स्रोतों को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया था। ताकि लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा हो पाए। उल्लेखनीय है कि ये प्रावधान दिन व रात के लिये अलग-अलग हैं। जिसके अंतर्गत रात के दस बजे से लेकर सुबह छह बजे के मध्य लाउडस्पीकर लगाना मना है। यदि अपरिहार्य कारणों से कुछ अधिक समय के लिये इसका उपयोग किया भी जाना है तो संबंधित अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन कानूनों का जमकर उल्लंघन करना शान समझा जाता है। जाहिर बात है कि जिन अधिकारियों की जिम्मेदारी इसकी निगरानी और रोकने के लिये होती है वे अपने दायित्वों को भलीभांति निर्वहन नहीं करते हैं। सख्ती के अभाव में लोग इसे न्यू नॉर्मल बना देते हैं। विडंबना यह है कि छोटे शहरों व कस्बों ही नहीं, बड़े शहरों में भी ध्वनि का स्तर नापने वाले यंत्र या तो लगे नहीं हैं, या फिर वे ठीक से काम नहीं कर रहे होते हैं। यही वजह है कि देश के सामने वह तस्वीर नहीं उभरती कि देश में ध्वनि प्रदूषण का स्तर कितना घातक हो चला है। जाहिर बात है कि देश में जब प्रामाणिक डाटा ही उपलब्ध नहीं है तो उसके निदान और उसके पड़ने वाले घातक प्रभावों की हकीकत कैसे सामने आएगी। वास्तव में गैर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। यदि वे फिर भी अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करते तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।

# परिणाम चाहे जो हों, विजय लोकतंत्र की ही होगी


प्रो. मनमोहन प्रकाश

भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनभावनाओं की अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त उत्सव होते हैं। कल पांच राज्यों के चुनाव परिणाम घोषित होने जा रहे हैं। यह परिणाम किसी एक दल, नेता या गठबंधन के पक्ष या विपक्ष में जा सकते हैं, लेकिन एक सत्य अटल है।

**इन परिणामों के साथ जीत होगी भारत के लोकतंत्र की।**

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र ऐसे ही नहीं कहा जाता।उसकी विशेषता है जनता की भागीदारी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया, तथा संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता। चुनाव आयोग,लोकल और केन्द्रीय सुरक्षा बल जैसे संस्थान इस प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सत्य तो यह है कि हर मतदाता जब अपने मताधिकार का प्रयोग करता है, तब वह केवल एक प्रतिनिधि नहीं चुनता, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करता है।

चुनाव परिणामों के दिन अक्सर राजनीतिक दलों के लिए जीत-हार का लेखा-जोखा होता है। विजयी दल इसे जनादेश का सम्मान मानते हैं, जबकि पराजित दल आत्ममंथन करते हैं। परंतु इस पूरी प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि जनता का विश्वास चुनाव प्रणाली में बना रहता है। यही विश्वास लोकतंत्र की असली पूंजी है।

भारत में चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का भी प्रतीक हैं। अलग-अलग विचारधाराओं, भाषाओं, धर्मों और संस्कृतियों के लोग एक ही प्रक्रिया में भाग लेते हैं और अपने मत से देश की दिशा तय करते हैं। यह विविधता में एकता का अद्भुत उदाहरण है।

ह भी उल्लेखनीय है कि भारत में सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से होता है। यह परिपक्व लोकतंत्र की पहचान है। दुनिया के कई देशों में जहां चुनाव हिंसा में और अस्थिरता का कारण बनते हैं, वहीं भारत में यह प्रक्रिया एक उत्सव के रूप में देखी जाती है, छुट-पुट अप्रिय घटनाओं को छोड़कर।

हालांकि, लोकतंत्र की यह सफलता केवल संस्थाओं या नेताओं की देन नहीं है। इसके मूल में है जागरूक और जिम्मेदार नागरिक। जब मतदाता जाति, धर्म, या अल्पकालिक लाभ से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में मतदान करता है, तब लोकतंत्र और अधिक सशक्त होता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम चुनाव परिणामों को केवल जीत-हार के नजरिए से न देखें, बल्कि इसे लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनः पुष्टि के रूप में स्वीकार करें। विजयी दलों को चाहिए कि वे जनादेश का सम्मान करते हुए जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता दें, और विपक्ष को चाहिए कि वह रचनात्मक भूमिका निभाते हुए लोकतंत्र को संतुलित बनाए रखे। अंततः, चुनाव परिणाम चाहे जो भी हों, भारत की लोकतांत्रिक परंपरा और उसकी संस्थाओं की मजबूती ही सबसे बड़ी जीत है। यही वह शक्ति है जो भारत को विश्व में एक सशक्त, स्थिर और प्रगतिशील राष्ट्र के रूप में स्थापित करती है।

निष्कर्षतः चार मई को जब परिणाम आएंगे, तब किसी दल की जीत और किसी की हार होगी, लेकिन सच्ची विजय उस विश्वास की होगी, जो करोड़ों भारतीयों ने अपने मत के माध्यम से लोकतंत्र में व्यक्त किया है। राजनैतिक दलों को भी सभी गिले शिकवे छोड़कर चुनाव परिणाम का सम्मान करना चाहिए।

# सत्ता, संघर्ष और लोक व तंत्र की कसौटी पर बंगाल


डॉ घनश्याम बादल

वैसे तो पांच राज्यों बंगाल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और केरल विधानसभाओं के चुनाव परिणाम बराबर महत्व के हैं लेकिन बंगाल में पिछले 15 वर्ष से सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस तथा वहां भारतीय जनता पार्टी की एक बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में उभरने के चलते पश्चिम बंगाल इन विधानसभा चुनाव का सबसे प्रमुख केंद्र बन कर उभरा है। यह यदि कहा जाए कि इन विधानसभा चुनाव में लोकतंत्र की सबसे कड़ी और बड़ी परीक्षा बंगाल में ही हुई तो ग़लत नहीं होगा और इससे भी बड़ी परीक्षा होगी इन चुनाव के परिणाम के बाद।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम आने से पहले का यह क्षण भारतीय राजनीति के लिए सिर्फ प्रतीक्षा का नहीं, बल्कि संभावनाओं और आशंकाओं के टकराव का समय है। हवा में कई तरह के संकेत तैर रहे हैं। विभिन्न सर्वेक्षण कंपनियों के द्वारा किए गए एग्जिट पोल के अनुसार कहीं ममता बनर्जी की वापसी की चर्चा है, तो कहीं भारतीय जनता पार्टी के संभावित उभार की अटकलें। लेकिन असली सवाल यह नहीं है कि कौन जीतेगा, बल्कि यह है कि जो भी जीतेगा, उसके बाद बंगाल और देश की राजनीति किस दिशा में मुड़ेगी।

**तृणमूल की संभावित बढ़त:**

अगर तृणमूल कांग्रेस एक बार फिर सत्ता में लौटती है, तो यह ममता बनर्जी के उस राजनीतिक मॉडल की पुष्टि होगी जो कल्याणकारी योजनाओं, क्षेत्रीय अस्मिता और आक्रामक राजनीतिक नियंत्रण का मिश्रण है। संभावित आफ्टर इफैक्ट्स स्पष्ट हैं - सरकार अपनी मौजूदा योजनाओं को और विस्तार देगी, ग्रामीण और महिला वोट बैंक को और मजबूत करने की कोशिश होगी।

लेकिन इसके साथ एक जोखिम भी जुड़ा है- एंटी-इन्कम्बेंसी की थकान को दबाने के लिए सत्ता और अधिक केंद्रीकृत हो सकती है। प्रशासनिक मशीनरी पर पकड़ और सख़्त हो सकती है, जिससे विपक्ष के लिए राजनीतिक स्पेस और संकरा हो सकता है। यानी स्थिरता के साथ-साथ राजनीतिक असंतुलन भी गहरा सकता है।

भाजपा की संभावित सफलता: अगर भारतीय जनता पार्टी बेहतर प्रदर्शन करती है या सत्ता के करीब पहुंचती है,( अधिकांश सर्वेक्षणों में उसे ही सत्ता प्राप्त करती हुए दिखाया गया है) तो यह बंगाल की राजनीति में एक बड़ा बदलाव होगा। भाजपा का उभार सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं , बल्कि राजनीतिक संस्कृति के बदलाव का संकेत भी होगा।

संभावित तौर पर भाजपा सरकार कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार विरोध और डबल इंजन विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाएगी। लेकिन इसके साथ ही एक बड़ा टकराव भी जन्म ले सकता है- क्योंकि बंगाल की सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना भाजपा के पारंपरिक राजनीतिक मॉडल से अलग रही है। इससे केंद्र-राज्य संबंधों में भी तनाव आ सकता है, खासकर अगर राजनीतिक ध्रुवीकरण और बढ़ता है।

**त्रिशंकु स्थिति: अस्थिरता का खतरा**

एक तीसरी संभावना भी है-कोई स्पष्ट बहुमत न आए। यह स्थिति बंगाल जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य में सबसे ख़तरनाक साबित हो सकती है।दल-बदल, जोड़-तोड़ और राजनीतिक सौदेबाजी का दौर शुरू हो सकता है।

> **त्वरित टिप्पणी:**
> **नतीजों के बाद की सियासत**

ऐसे परिदृश्य में सरकार भले बन जाए, लेकिन उसकी स्थिरता पर लगातार सवाल उठेंगे। प्रशासनिक फैसले धीमे पड़ेंगे और विकास की गति प्रभावित होगी। लोकतंत्र का यह चेहरा सबसे कमजोर होता है, जहाँ जनादेश स्पष्ट न होकर सत्ता की गणित में उलझ जाता है।

**राष्ट्रीय राजनीति पर प्रभाव**

बंगाल के संभावित परिणामों का असर दिल्ली की राजनीति तक जाएगा। अगर ममता बनर्जी मजबूत होकर उभरती हैं, तो वह खुद को राष्ट्रीय विपक्ष की धुरी के रूप में पेश करेंगी। गैर-भाजपा गठबंधन की संभावनाएं तेज होंगी और 2029 के आम चुनाव के लिए नई रणनीतियां बनेंगी।

दूसरी तरफ, अगर भाजपा यहां जबरदस्त प्रदर्शन करती है, तो यह संदेश जाएगा कि पार्टी का विस्तार अब भी जारी है और क्षेत्रीय दलों के किले भी सुरक्षित नहीं हैं। इससे भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वह अन्य राज्यों में भी आक्रामक रणनीति अपनाएगी।

**उम्मीद और आशंका के बीच आम आदमी**

इन संभावित परिणामों के बीच सबसे ज्यादा अनिश्चितता आम नागरिक के जीवन में है। अगर स्थिर सरकार बनती है और योजनाएं सही ढंग से लागू होती हैं, तो लोगों को सीधा लाभ मिलेगा- रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं में सुधार।

लेकिन अगर चुनाव के बाद सांप्रदायिक, धार्मिक के सामाजिक हिंसा, राजनीतिक प्रतिशोध या प्रशासनिक पक्षपात बढ़ता है, तो आम आदमी सबसे ज़्यादा प्रभावित होगा। बंगाल में पहले भी चुनावी हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं, और यही सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है।

**प्रतिस्पर्धा या संघर्ष?**

इन चुनावों से पहले ही यह स्पष्ट हो चुका है कि भारतीय लोकतंत्र अब अधिक आक्रामक और ध्रुवीकृत होता जा रहा है। मुद्दों की जगह भावनाएं, विकास की जगह पहचान, और संवाद की जगह टकराव ने ले ली है। अब संभावित परिणाम चाहे जो भी हों, यह प्रवृत्ति बदलने वाली नहीं दिखती। बल्कि जीतने वाला पक्ष इसे अपनी नीतियों, शैली और चुनाव प्रचार की सफलता मानेगा और हारने वाला इसे साजिश बताएगा। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी चुनौती है-जहाँ चुनाव तो होते हैं, लेकिन सहमति और संतुलन खोता जा रहा है।

**परिणाम से पहले का सन्नाटा**

एग्जिट पोल सर्वेक्षण कुछ भी कहें लेकिन असली परिणाम तो 4 मई को मत गणना के बाद ही आएंगे और वही परिणाम अधिकृत और वैध भी होंगे भले ही कोई भी दल या नेता उसे पर कैसी भी टिप्पणी करें।


बंगाल चुनाव के नतीजे आने से पहले का यह समय एक अजीब सन्नाटा लिए हुए है-जिसमें हर संभावना छिपी है। ममता बनर्जी की वापसी हो, भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आएया कोई त्रिशंकु स्थिति बने हर राजनीतिक परिदृश्य अपने साथ अवसर और संकट दोनों लेकर आएगा।

वैसे तो परिणाम आने से पहले ही तो राजनीतिक उथल-पुथल और बयान बाजी पहले ही शुरू हो चुकी है। मगर बड़ा सवाल यह है कि क्या राजनीतिक दल और जनता इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को परिपक्वता से स्वीकार करेंगे, या इसे एक और टकराव में बदल देंगे? बंगाल प्रगति की नई दिशा और रह पकड़ेगा या फिर सांप्रदायिक हिंसा की आग में जलेगा । जीतने वाला दल परिपक्व और सहिष्णुता सिद्ध होगा या प्रतिशोधी राजनीति की एक नई विनाशक शुरुआत होगी? बंगाल का भविष्य इन्हीं सवालों के जवाब में छिपा है।

अस्तु अभी तो अटकलें हैं मगर दुआ यही करें कि कोई जीते, कोई हारे मगर बंगाल अपनी संस्कृति, साहित्य, राजनीति और सामाजिक समृद्धि के राह पर तेजी के साथ आगे बढ़े और वहां के आम आदमी की जीवन में खुशहाली आए।

-स्वतंत्र पत्रकार एवं राजनीतिक समीक्षक

# अगले साल मार्च में पता चलेगा यूपी में 'हम कितने हैं'


अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की जनसंख्या में 2011 की जनगणना के बाद कितनी वृद्धि हुई है, इसका सटीक आंकड़ा जानने के लिए 16वीं जनगणना 22 मई 2026 से शुरू हो रही है। यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में मकानों की संख्या, उनकी स्थिति और उपलब्ध सुविधाओं का डेटा एकत्र किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में वास्तविक जनसंख्या की गणना होगी। लाखों कर्मियों को इस कार्य के लिए तैनात किया गया है और पूरी प्रक्रिया डिजिटल तरीके से संचालित होगी। अंतिम आंकड़े 1 मार्च 2027 को घोषित हो जाएंगे। यह जनगणना न केवल आबादी का सही आंकड़ा देगी, बल्कि राज्य की विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण और नीतियों को आकार देने में भी मदद करेगी। ऐसा लग रहा है कि जनगणना के आंकड़े आने के आसपास ही उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के भी नतीजे आएंगे, क्योंकि मोदी का कार्यकाल अगले साल मार्च में पूरा हो रहा है।खैर, उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है, जहां 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 19.98 करोड़ लोग रहते थे। उसके बाद 15 वर्षों में आबादी में तेजी से वृद्धि हुई है। अनुमानों के अनुसार, वर्तमान आबादी 24 करोड़ से अधिक हो चुकी है, लेकिन सटीक संख्या जानने के लिए ही यह नई जनगणना आवश्यक है। राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने इसकी तैयारियां लंबे समय से की हैं। महामारी और अन्य चुनौतियों के बावजूद प्रक्रिया को समय पर शुरू करने का निर्णय सराहनीय है। पहले चरण में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के घरों का सर्वे होगा, जिसमें बिजली, पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली जाएगी। इससे राज्य के विकास के स्तर का पता चलेगा और कमजोर क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा।

दूसरे चरण में जनसंख्या गणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति का नाम, उम्र, लिंग, शिक्षा, रोजगार और प्रवास जैसे विवरण दर्ज किए जाएंगे। डिजिटल माध्यम से यह कार्य तेज और त्रुटिरहित होगा। कर्मियों को हैंडहेल्ड डिवाइस दिए जाएंगे, जिनमें जीपीएस की मदद से स्थान का पता चलेगा। इससे डुप्लिकेट एंट्री या गलतियां कम होंगी। लाखों कर्मचारियों की तैनाती से ग्रामीण इलाकों तक पहुंच सुनिश्चित होगी। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में यह चुनौतीपूर्ण है, जहां पूर्वांचल, बुंदेलखंड और अवध क्षेत्रों में अलग-अलग जनघनत्व है। जनगणना के आंकड़े संसद सीटों के पुनर्वितरण, विधानसभा क्षेत्रों के सीमांकन और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान में उपयोगी साबित होंगे।इस जनगणना का महत्व कई स्तरों पर समझा जा सकता है। सबसे पहले, 2011 के बाद जन्म दर, मृत्यु दर और प्रवास पैटर्न में बदलाव आया है। युवा आबादी बढ़ी है, लेकिन बेरोजगारी और शिक्षा के स्तर पर सवाल उठे हैं। जनगणना से पता चलेगा कि कितने बच्चे स्कूल जा रहे हैं, महिलाओं की भागीदारी कितनी है और बुजुर्गों की संख्या क्या है। दूसरा, कोविड महामारी ने स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी उजागर की, अब आंकड़ों से अस्पतालों और डॉक्टरों की आवश्यकता का आकलन होगा। तीसरा, जलवायु परिवर्तन और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आबादी का घनत्व जानना जरूरी है। उदाहरण के लिए, गंगा-यमुना के मैदानी इलाकों में आबादी अधिक है, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में कम। इन आंकड़ों से सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और आवास योजनाएं बेहतर होंगी।

राज्य सरकार ने इसकी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रशिक्षण शिविर लगाए गए, सॉफ्टवेयर विकसित किए गए और जागरूकता अभियान चलाए गए। ग्रामीणों को बताया गया कि सर्वे में कोई व्यक्तिगत खतरा नहीं है और जानकारी गोपनीय रहेगी। डिजिटल प्रक्रिया से पारदर्शिता बढ़ेगी, क्योंकि डेटा रीयल टाइम में अपलोड होगा। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर एक समन्वय समिति बनाई है, जिसमें सभी राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हैं। उत्तर प्रदेश को सर्वाधिक ध्यान मिलेगा, क्योंकि यहां की आबादी पूरे देश की लगभग 17 प्रतिशत है। 1 मार्च 2027 तक अंतिम आंकड़े आने पर नीति-निर्माताओं को नई दिशा मिलेगी।जनगणना के सामाजिक प्रभाव भी गहरे होंगे। पिछली गणना में अनुसूचित जाति-जनजाति की आबादी का सटीक आंकड़ा मिला था, जिससे आरक्षण नीतियां मजबूत हुईं। अब भी अल्पसंख्यक समुदायों, प्रवासी मजदूरों और शहरी झुग्गीवासियों पर फोकस होगा। महिलाओं की साक्षरता दर में सुधार हुआ है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी कमी है। आंकड़ों से बाल विवाह, कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति स्पष्ट होगी। इसके अलावा, आर्थिक विश्लेषण के लिए रोजगार के आंकड़े महत्वपूर्ण हैं। उत्तर प्रदेश में कृषि पर निर्भरता अधिक है, लेकिन उद्योग और सेवा क्षेत्र बढ़ रहे हैं। जनगणना बताएगी कि कितने लोग खेती छोड़कर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं।

राजनीतिक दृष्टि से यह जनगणना दिलचस्प होगी। आबादी के आधार पर लोकसभा और विधानसभा सीटें पुनर्गठित होंगी। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटें प्रभावित हो सकती हैं। क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वांचल में विकास पर जोर बढ़ेगा। विपक्षी दल भी आंकड़ों का उपयोग अपनी मांगों के लिए करेंगे। सरकार को सतर्क रहना होगा कि प्रक्रिया निष्पक्ष रहे। पिछली जनगणनाओं में कुछ क्षेत्रों में विवाद हुए थे, लेकिन डिजिटल सिस्टम से यह समस्या कम होगी। चुनौतियां भी कम नहीं हैं। गर्मी के मौसम में सर्वे करना कठिन होगा, इसलिए कर्मियों को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं। कुछ इलाकों में सुरक्षा की समस्या है, वहां पुलिस सहायता ली जाएगी। डिजिटल साक्षरता की कमी से ग्रामीणों को समझाना पड़ेगा। फिर भी, सरकार का दावा है कि 100 प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित होगा। वैज्ञानिक तरीके से सैंपल सर्वे भी किए जाएंगे, ताकि अनुमान सटीक रहें। यह जनगणना उत्तर प्रदेश के भविष्य को आकार देगी। 2011 के बाद आबादी में अनुमानित 4 करोड़ की वृद्धि हुई है, लेकिन सटीक संख्या से योजनाएं प्रभावी होंगी। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत और मनरेगा जैसे कार्यक्रमों के लाभार्थी तय होंगे। शिक्षा के लिए स्कूल, स्वास्थ्य के लिए अस्पताल बनेंगे। युवाओं के लिए कौशल विकास पर फोकस बढ़ेगा। कुल मिलाकर, यह प्रक्रिया राज्य को मजबूत बनाएगी। 22 मई से शुरू हो रही इस जनगणना में सभी नागरिकों का सहयोग अपेक्षित है। सटीक जानकारी देने से देश का विकास तेज होगा। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में आबादी प्रबंधन चुनौती है, लेकिन अवसर भी। अंतिम आंकड़े 1 मार्च 2027 को आने पर नई शुरुआत होगी। यह न केवल संख्या गिनती है, बल्कि लोगों की जरूरतों को समझने का माध्यम है। राज्य सरकार की यह पहल स्वागतयोग्य है।

-वरिष्ठ पत्रकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 4 मई, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष तृतीया, 29:25 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 09:51 तक, योग : परिघा, 23:13 तक, सूर्योदयः 05:02, सूर्यास्तः 18:03, चन्द्रोदय : 21:12, चन्द्रास्तः 07:06, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 07:21 से 08:57

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपको सिखाएगा कि असली ताकत संतुलन में होती है। काम में आपको सहयोग भी मिलेगा और दबाव भी। यानी मेहनत करनी पड़ेगी, लेकिन उसका फल भी मिलेगा।

**वृष :** आज का दिन आपको सुकून और खुशी देने आया है। घर में प्यार और तालमेल बना रहेगा और जीवनसाथी के साथ खूबसूरत पल बिताने का मौका मिल सकता है।

**मिथुन :** आज आपके लिए राहत भरा दिन है। पुराने अधूरे काम पूरे होने से मन हल्का महसूस करेगा। ऑफिस में साथियों का सपोर्ट मिलेगा, लेकिन काम का दबाव थोड़ा मानसिक तनाव दे सकता है।

**कर्क :** आज आपका मन थोड़ा उलझा हुआ रह सकता है। काम में चुनौतियां आएंगी, लेकिन धैर्य और समझदारी से आप सब संभाल सकते हैं। सरकारी कामों में रुकावट आ सकती है।

**सिंह :** आज आपका दिन चमकने वाला है। काम में सफलता मिलेगी और अधिकारी भी आपकी तारीफ करेंगे। रुके हुए काम पूरे होंगे और व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा।

**कन्या :** आज किस्मत आपके साथ है। सेहत में सुधार होगा और आप खुद को पहले से ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। नौकरी में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा और सम्मान भी मिलेगा।

**तुला :** आज आपके लिए पॉजिटिव बदलावों का दिन है। पैसा आएगा और काम भी आसानी से चलता रहेगा। आपकी बातचीत की कला आज आपको दूसरों से आगे ले जाएगी।

**वृश्चिक :** आज आपके लिए सफलता और सम्मान दोनों इंतजार कर रहे हैं। नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो खुशखबरी मिल सकती है। पुराना पैसा वापस आ सकता है।


**धनु :** आज का दिन अच्छा है, लेकिन आपका गुस्सा सब बिगाड़ सकता है। इसे संभालना ही आपकी जीत है। काम में आपकी प्लानिंग और मेहनत आपको आगे ले जाएगी।

**मकर :** आज किस्मत आपका साथ देने के लिए तैयार है। पैसे का लाभ होगा और रुके हुए काम भी पूरे हो सकते हैं। नौकरी में आपका रुतबा बढ़ेगा और पुराना पैसा वापस मिलने के संकेत हैं।

**कुम्भ :** आज का दिन आपको बैलेंस सिखाएगा। कमाई भी होगी और खर्च भी। सरकारी योजनाओं से फायदा मिल सकता है, लेकिन कानूनी मामलों में सावधानी जरूरी है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए खास है। गुरु की कृपा आपके साथ है। काम में माहौल अनुकूल रहेगा और आपका सम्मान बढ़ेगा। दोस्त की मदद से कोई जरूरी काम पूरा होगा।

## वर्ग पहेली नं. 3428



*बायें से दायें:-* 1) रोचक; मसालेदार, 4) अर्थहीन; निरर्थक, 7) मिठाई बनाकर बेचनेवाला, 8) जमावड़ा, 9) बटाटा, 10) महीना, 12) उपयोग, 14) अलावा, 15) संध्या, 16) साक्षी, 18) ईश्वरीय शक्ति, 19) कामदेव, 20) अखंड; हमेशा, 22) शपथ, 23) शांति, 24) ज्ञात, 26) गहरा साँस, 27) बिल्कुल ठीक, 29) चिंतित, 30) घंटानाद होना.

*ऊपर से नीचे:-* 1) स्पर्शेंद्रिय, 2) पक्ष; बगल, 3) ईंधन दुकान, 4) कृतघ्नता, 5) तत्काल, 6) छोकरा, 9) आवाजाही; आनाजाना, 11) यथेष्ट; ठीक, 13) एक भाषा, 15) चालचलन, 17) सिद्धान्त, 20) जल्दी जल्दी, 21) रात, 22) इलज़ाम, 25) छीन लेना; ठगना, 26) उम्मीद, 28) खाली; रहित; नगण्य.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3386

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 8 | 3 | 1 | | 2 | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | | | | 9 | | | | |
| | 1 | | | 3 | | | 7 | |
| 6 | | | 1 | | | 9 | | |
| 8 | 4 | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | | | | 1 | |
| | | 4 | 8 | | | | 3 | |
| | | | | 5 | | 7 | 4 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3385 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 8 |
| 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 3 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 2 | 8 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 1 |

# मतगणना : सत्ता बरकरार रखने पर टीएमसी की निगाहें, भाजपा को ऐतिहासिक जीत की उम्मीद

## क्या भाकपा, माकपा और कांग्रेस खोल सकेंगे खाता?

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एक महीने तक विधानसभा चुनाव के लिए धुआंधार प्रचार के बाद अब सबकी नजरें सोमवार को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं। राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले हर व्यक्ति के जेहन में फिलहाल एक ही सवाल है कि क्या तृणमूल कांग्रेस सत्ता बरकरार रख पाएगी या फिर भाजपा ऐतिहासिक जीत हासिल करके पहली बार राज्य में अपनी सरकार बनाएगी। सुबह 8 बजे मतों की गिनती शुरू होते ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं की धड़कनें और तेज हो जाएंगी। ये तीनों दल 2021 के चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाए थे, लिहाजा पांच साल के वनवास के बाद ये फिर से विधानसभा में अपनी वापसी की बाट जोह रहे हैं। बता दें कि राज्य में 77 केंद्रों पर मतगणना होगी। कड़े सुरक्षा इंतजामों और गरमाए राजनीतिक माहौल के बीच 294 सदस्यों वाली विधानसभा की 293 सीट के परिणाम घोषित किए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने दक्षिण 24 परगना जिले के फलता विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों पर गड़बड़ी का हवाला देते हुए चुनाव रद्द कर दिया। इस सीट पर 21 मई को दोबारा मतदान होगा जबकि मतगणना 24 मई को होगी।



उल्लेखनीय है कि राज्य में दो चरण में हुआ चुनाव 29 अप्रैल को संपन्न हुआ। निर्वाचन आयोग के अनुसार, स्वतंत्रता के बाद बंगाल में इस बार सबसे अधिक 92.47 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने कहा कि दक्षिण 24 परगना के 15 बूथ पर पुनर्मतदान शनिवार को संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। चुनाव समाप्त होने के बाद दोनों प्रमुख दलों टीएमसी और भाजपा अपनी-अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। ढाई लाख से अधिक केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती और पूरी तरह से पुनर्गठित राज्य पुलिस बल की मौजूदगी के चलते चुनाव के दौरान कम से कम हिंसा हुई और हाल के दशकों में राज्य के चुनावी इतिहास में पहली बार हिंसा में किसी की मौत नहीं हुई। पिछले 20 वर्षों में राज्य में हुआ यह पहला ऐसा चुनाव भी था, जो एक व्यापक लेकिन विवादास्पद विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद के बाद हुआ। एसआईआर के दौरान मतदाता सूची को संशोधित करते हुए 90 लाख से अधिक नाम हटा दिए गए थे। सभी दलों के चुनावी भाग्य पर इस कवायद का क्या प्रभाव पड़ेगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मतगणना शांतिपूर्ण, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। कोलकाता के 11 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना पांच स्थानों बालीगंज गवर्नमेंट हाई स्कूल, बाबा साहेब आंबेडकर एजुकेशन यूनिवर्सिटी, सखावत मेमोरियल स्कूल, नेताजी इंडोर स्टेडियम और सेंट थॉमस बॉयज स्कूल में की जाएगी। भवानीपुर सीट पर सभी की नजरें हैं, जहां ममता बनर्जी और भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। इस विधानसभा क्षेत्र में डाले गए मतों की गिनती सखावत मेमोरियल केंद्र में होगी। भाजपा की ओर से दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, रूपा गांगुली और निशित प्रमाणिक जैसे नेता मैदान में हैं, जबकि टीएमसी के प्रमुख उम्मीदवारों में फिरहाद हकीम, कुणाल घोष, मदन मित्रा और उदयन गुहा शामिल हैं।

### मतगणना से पहले ममता ने भवानीपुर के काउंटिंग एजेंटों और पार्षदों के साथ की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** मतगणना से पहले राजनीतिक सरगर्मी के बीच मुख्यमंत्री व टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने रविवार की शाम अपने कालीघाट स्थित आवास पर अपने विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर के काउंटिंग एजेंटों, पार्षदों और वार्ड अध्यक्षों के साथ अहम बैठक की। टीएमसी सूत्रों के मुताबिक, बैठक में ममता ने आज होने वाली मतगणना को लेकर रणनीति तय की। मतगणना के दिन किसकी क्या भूमिका होगी, मुख्यमंत्री ने इस पर कई अहम दिशा-निर्देश दिए। बैठक में ममता ने पार्टी के काउंटिंग एजेंटों के लिए मतगणना खत्म होने तक गणना केंद्र नहीं छोड़ने का निर्देश फिर दोहराया। ममता ने मतगणना से जुड़ी हर पल की जानकारी शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने का भी स्पष्ट निर्देश दिया।

## मतगणना के लिए 432 पर्यवेक्षक तैनात, उत्तर 24 परगना में सबसे ज्यादा निगरानी

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने राज्य के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में आज मतों की पारदर्शी और सुचारू गिनती सुनिश्चित करने के लिए 432 मतगणना पर्यवेक्षकों की तैनाती की है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि संवेदनशील और चुनावी महत्व को देखते हुए कई जिलों में अतिरिक्त पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। उत्तर 24 परगना जिले की 33 सीट के लिए 49 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं, जबकि दक्षिण 24 परगना जिले की 31 सीट के लिए 45 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। मुर्शिदाबाद में 22 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 33 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं, जो बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था दर्शाता है। जहां एक ओर बड़े जिलों में आब्जर्वर्स की फौज उतारी गई है, वहीं अलीपुरद्वार में सबसे कम पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। यहां की पांच सीटों के लिए केवल छह ऑब्जर्वर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजधानी कोलकाता की बात करें तो यहाँ की 11 सीटों के लिए 12 पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे।

### मतगणना में लापरवाही पर कड़ी चेतावनी, जा सकती है नौकरी भी

मतगणना को लेकर चुनाव आयोग ने सरकारी कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी है। आयोग ने स्पष्ट कहा है कि मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी कर्मचारी की गलती या गाफिलती सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जा सकती है, यहां तक कि नौकरी भी जा सकती है। आयोग के सूत्रों के अनुसार, इस बार, चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत से ही कड़ी निगरानी रखी जा रही है और मतगणना के दिन भी किसी तरह की ढिलाई नहीं दी जाएगी। मतगणना का काम सरकारी कर्मचारी संभालेंगे और उन्हें चुनाव आयोग की सभी गाइडलाइन का सख्ती से पालन करना होगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतगणना की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए किसी भी प्रकार की गलती को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

## कालीघाट थाने में 24 घंटे में फिर ओसी की बदली, 36 दिनों में चौथी बार फेरबदल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने रविवार को अपने भांगड़ डिवीजन के एक अधिकारी को कालीघाट पुलिस थाने का प्रभारी अधिकारी (ओसी) नियुक्त किया है, जो चमेली मुख-ोपाध्याय की जगह लेंगे। बता दें कि चमेली मुखोपाध्याय ने केवल एक दिन पहले ही गौतम दास की जगह ली थी, जिन्हें उनके विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट के लिए निलंबित किया गया था। कोलकाता पुलिस प्रमुख अजय नंदा द्वारा हस्ताक्षरित आदेश के अनुसार, भांगड़ डिवीजन के अंतर्गत पोलेरहाट पुलिस थाने के अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी, बलाई बाग को कालीघाट पुलिस थाने का नया प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है और उन्हें तत्काल कार्यभार




संभालने के लिए कहा गया है। आदेश के अनुसार चमेली मुख-ोपाध्याय का तबादला तत्काल प्रभाव से कोलकाता पुलिस के पूर्वी उपनगरीय प्रभाग के अंतर्गत आने वाले उल्टाडांगा महिला पुलिस थाने में कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि कालीघाट पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी गौतम दास के निलंबित होने के बाद, उन्हें दो मई को प्रतिनियुक्ति पर स्टेशन की प्रभारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था।

## भवानीपुर में मतगणना केंद्र के बाहर हंगामा, तृणमूल ने भाजपा के झंडे वाली कारों के प्रवेश का किया दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र पर मतों की गिनती से एक दिन पहले रविवार को हंगामा हुआ तथा तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे वाली दो कारों को उस परिसर में प्रवेश की



अनुमति दी गई जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) रखी गई हैं। मतगणना केंद्र से 100 मीटर दूर डेरा डाले तृणमूल कार्यकर्ताओं ने रविवार की सुबह आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे लगी दो कार परिसर में घुसीं और स्ट्रॉन्गरूम के पास तक गईं। तृणमूल के एक कार्यकर्ता ने कहा कि मौके पर तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान वैध पहचान पत्र के बिना किसी वाहन या व्यक्ति को मतगणना केंद्र परिसर में प्रवेश नहीं करने दे रहे हैं। ऐसे में यह कार, जिसे हमने पिछले कुछ दिनों से नहीं देखा, उसे प्रवेश कैसे मिल गया? विरोध करने पर केंद्रीय बलों ने हमें 100 मीटर पीछे हटने को कहा। तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि वहां तैनात पुलिस कर्मियों ने वाहन को घटनास्थल से हटाने का आश्वासन दिया था लेकिन वह कुछ समय तक वहीं खड़ा रहा। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कार हरीश मुखर्जी रोड से गुजर रही थी और सुरक्षा बलों एवं पुलिस द्वारा जांच किए जाने के बाद उसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिलने पर उसे जाने दिया गया।

## चुनाव के बाद होने वाली हिंसा के इतिहास को खत्म किया जाना चाहिए : समिक भट्टाचार्य

### मतगणना से पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने जताया जीत का भरोसा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने रविवार को फलता में दोबारा मतदान और चुनाव के बाद होने वाली संभावित हिंसा को लेकर पार्टी की तैयारियों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस जो करना चाहती है करे, लेकिन चुनाव आयोग का फैसला अंतिम है। समिक भट्टाचार्य ने कहा कि टीएमसी एक राजनीतिक पार्टी है, वे भी कुछ न कुछ करेंगे, उन्हें करने दीजिए। चुनाव के बाद हिंसा के इतिहास को लेकर समिक भट्टाचार्य ने चिंता जताई और इसे समाप्त करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा भाजपा पूरी तरह से तैयार है। हमारे पास काउंटिंग एजेंट होंगे, और न केवल हमारे कार्यकर्ता, बल्कि पूरा



समाज, राज्य के सभी लोग, हमने सबसे यह अपील की है कि चुनाव के बाद होने वाली हिंसा के इतिहास को खत्म किया जाना चाहिए। इस संस्कृति को रोका जाना चाहिए। पूरा देश बदल चुका है। बिहार और उत्तर प्रदेश में चुनाव होते हैं, ऐसे हाई-वोल्टेज चुनाव, लेकिन वहां ऐसा नहीं होता। भट्टाचार्य ने इस बार के चुनाव को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आजादी के बाद राज्य में पहली बार इतना शांतिपूर्ण चुनाव हुआ है। फिर भी उन्होंने याद दिलाया कि भाजपा 'चुनाव के बाद की हिंसा' की सबसे बड़ी शिकार रही है। उन्होंने आंकड़े देते हुए कहा कि पिछली बार, 2021 में 2 मई को, महज 27 दिनों के अंदर भाजपा के 56 कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई थी। 2016 से लेकर अब तक हमारे 311 कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है। तृणमूल कांग्रेस द्वारा दी जा रही चुनौतियों पर समिक भट्टाचार्य ने व्यंग्य करते हुए कहा कि क्या आपको लगता है कि हमें हर चुनौती पर टिप्पणी करनी चाहिए? अगर हम माइक टायसन को बॉक्सिंग मैच के लिए चुनौती दें, तो क्या वह हमारी चुनौती स्वीकार करेंगे? हम उनसे पूछेंगे। यह संभव नहीं है। हमने पहले भी कई चुनौतियां स्वीकार की हैं। तृणमूल कांग्रेस अब बस 'शैडो प्रैक्टिस' कर रही है। वे जो चाहें कह सकते हैं। जो होना था, वह हो चुका है।

## मतगणना से पहले भाजपा उम्मीदवारों ने किए मंदिरों के दर्शन



दुर्गापुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार लक्ष्मण चंद्र घोरुई



संतोष पाठक, प्रियंका टिबरेबाल एवं विजय ओझा

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों ने मतगणना से एक दिन पहले रविवार को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर जीत की कामना की। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने अपने गृह जिले 'पूर्व मेदिनीपुर' में काली और शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना की। सिलीगुड़ी के उम्मीदवार शंकर घोष ने रथाखोला कालीबाड़ी मंदिर में पूजा की। घोष ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्होंने भाजपा की जीत और राज्य में 'सत्ता परिवर्तन' के लिए प्रार्थना की। राज्य में तृणमूल कांग्रेस पिछले 15 वर्षों से शासन कर रही है। खड़गपुर सदर के उम्मीदवार दिलीप घोष ने कोलकाता के न्यूटाउन स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि ठकदारी काली मंदिर में उन्होंने लोगों के कल्याण के लिए प्रार्थना की और भगवान शिव को धतूरा अर्पित कर जलाभिषेक किया। कोलकाता पोर्ट से उम्मीदवार राकेश सिंह ने अपने क्षेत्र के मंदिर में पूजा की, जबकि चौरंगी सीट के उम्मीदवार संतोष कुमार पाठक ने बड़ाबाजार के मंदिर में दर्शन किए। बहरामपुर के उम्मीदवार सुब्रत मैत्रा ने मुर्शिदाबाद जिले में अपने क्षेत्र के कई मंदिरों में पूजा-अर्चना की।

## तृणमूल ने फलता में पुनर्मतदान से पहले भाजपा को पूरी ताकत से मैदान में उतरने की दी चुनौती

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को भाजपा को चुनौती दी कि फलता विधानसभा सीट पर जीतने के लिए वह अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल कर ले। तृणमूल कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में भाजपा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को फलता लाने को कहा और निर्वाचन आयोग से 50,000 केंद्रीय बल के कर्मियों को तैनात करने को कहा। साथ ही, सत्तारूढ़ दल ने दावा किया कि ऐसे उपायों का मतदाताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस दिन, तृणमूल ने तंज कसते हुए 'एक्स' पर कहा कि फलता, डायमंड हार्बर, 21 मई को कोई कसर मत छोड़ो। अपनी पूरी ताकत लगा दो। नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, अगर आपमें हिम्मत है तो खुद आ जाओ। 50,000 केंद्रीय बल कर्मियों को तैनात करो। हर मतदान केंद्र पर बख्तरबंद गाड़ियां तैनात करो। आपके पास जितने भी 'सिंघम' हैं, उन सभी को बुला लो। तृणमूल ने भाजपा पर भ्रामक सूचना फैलाने का आरोप लगाया। पार्टी ने कहा कि अपने आईटी सेल को दो हफ्तों तक लगातार गलत सूचनाएं फैलाने के काम में झोंक दीजिए। अपने बिकाऊ मीडिया से जितनी हो सके उतनी 'हवाबाजी' करवाइए। और बिल्कुल, ज्ञानेश कुमार को फलता ले आइए और उन्हें अपनी मशीनरी के पुर्जे-पुर्जे में अपने हाथों से तेल डालने दीजिए। सत्तारूढ़ दल ने दावा किया कि फलता के लोग भाजपा के खिलाफ वोट देंगे। तृणमूल ने कहा कि जो चाहे सब करें। हम खुद कह रहे हैं। क्योंकि जब नतीजे आएंगे और मतों की गिनती हो जाएगी, तो आखिरी फैसला फलता की जनता का ही होगा। और फलता की जनता पहले ही फैसला कर चुकी है। इसलिए तैयार होकर आएं। या इससे भी बेहतर, हारने के लिए तैयार होकर आएं।

## आसनसोल में स्ट्रॉन्ग रूम के पास मिला फोन, मतगणना से पहले हाई वोल्टेज ड्रामा

**आसनसोल :** मतगणना से एक दिन पहले आसनसोल इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित स्ट्रॉन्ग रूम परिसर के बाहर रविवार को उस समय हंगामा मच गया, जब एक लिफाफे में बंद स्विच ऑफ मोबाइल फोन बरामद हुआ। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए। जानकारी के मुताबिक, मोबाइल फोन के साथ रानीगंज विधानसभा क्षेत्र से जुड़े कुछ दस्तावेज भी मिले हैं, जिससे संदेह और गहरा गया। भाजपा नेताओं ने इसे गंभीर अनियमितता बताते हुए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर पक्षपात का आरोप लगाया। एक भाजपा नेता ने दावा किया कि एक व्यक्ति मोबाइल फोन लेकर परिसर में घुसने की कोशिश कर रहा था, जिसे पार्टी कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया। उन्होंने कहा, 'यहां मोबाइल फोन ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। कोई व्यक्ति इसे अंदर ले जाने की कोशिश कर रहा था। हमने उसे रोका। हमें नहीं पता पुलिस क्या कर रही है। हम किसी भी अनैतिक गतिविधि को नहीं होने देंगे। सभी अधिकारी टीएमसी के प्रभाव में हैं। इस घटना के बाद स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। राज्यभर में मतगणना से पहले ऐसे सभी केंद्रों पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, ताकि ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकी जा सके।

## मध्यग्राम में परिणाम से पहले सड़क पर फेकीं मिलीं वीवीपैट पर्चियां, चुनाव आयोग ने दी सफाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** मतगणना से एक दिन पहले उत्तर 24 परगना जिले के मध्यग्राम इलाके में वीवीपैट स्लिप सडक़ पर बिखरे मिलने का आरोप सामने आया है। तृणमूल कांग्रेस ने तस्वीर और वीडियो जारी कर इस मुद्दे को उठाया है, जिससे चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि, वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं की गई है। वहीं, चुनाव आयोग की जांच में पाया गया है कि जो वीवीपैट स्लिप दिखाई गई हैं, वे मतदान दिवस से पहले किए गए माक पोल से संबंधित हैं और उनका वास्तविक मतदान से कोई संबंध नहीं है। इसके अतिरिक्त, इस मामले में विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है और सत्यापन तथा आवश्यक



कार्रवाई के लिए औपचारिक शिकायत भी दर्ज कराई गई है। तृणमूल कांग्रेस के अनुसार, नोआपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कई वीवीपैट स्लिप रविवार को मध्यग्राम के नीलगंज सुभाषनगर इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास सडक़ पर पड़ी मिलीं। एक स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ता ने सबसे पहले इसे देखा और पार्टी नेतृत्व को इसकी जानकारी दी। पार्टी द्वारा जारी तस्वीरों और वीडियो में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतीक और उम्मीदवारों के नाम वाली स्लिप सडक़ पर बिखरी दिखाई दे रही हैं।

## चुनाव में जीत का जश्न 'मोदीश्री', 'जॉय बांग्ला' मिठाई बांटकर मनाने की तैयारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव को लेकर महीने भर से अधिक समय से भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच जारी सियासी घमासान में मछली, झालमुड़ी और क्षेत्रीय अस्मिता जैसे मुद्दों के जरिये मतदाताओं से संपर्क साधा गया। और अब, आज मतगणना के बाद विभिन्न पार्टियों के रंगों में रंगी मिठाइयों के साथ इस कड़वाहट भरे चुनावी मुकाबले के संपन्न होने की उम्मीद है। भगवा रंग की 'मोदीश्री' और तृणमूल कांग्रेस के हरे रंग वाली 'जॉय बांग्ला' मिठाइयों से लेकर वाम दलों के



गुलाब-स्वाद वाली लाल मिठाई 'लाल सलाम' तक, कोलकाता के मिठाई विक्रेताओं ने भारी मात्रा में तैयार कर रखी है। कोलकाता के मिठाई दुकानदारों ने कहा कि सत्तारूढ़ दल और विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के ऑर्डर पहले से आने शुरू हो गए हैं, भले ही सरकार किसी भी दल की बने। मिठाई विक्रेताओं ने कहा कि स्थानीय राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने अनौपचारिक रूप से उनसे मिठाई की आपूर्ति के बारे में बात की है, हालांकि सोमवार को मतगणना के दौरान रुझान स्पष्ट होने के बाद ही ऑर्डर को अंतिम रूप दिया जाएगा। वहीं, कई विक्रेताओं ने सफेद रसगुल्ले तैयार कर रखे हैं, ताकि मतगणना के बाद राज्य की सत्ता में आने वाली पार्टी के रंग वाली चाशनी में उन्हें डुबोया जा सके।



# कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले में एक वर्ष के अंदर सुनवाई हुई शुरू

## पहले दिन दर्ज हुई साइबर फॉरेंसिक विशेषज्ञ की गवाही

**कोलकाता, समाज्ञा :** कसबा स्थित साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में घटना के एक वर्ष के अंदर ही अलीपुर की अदालत में सुनवाई शुरू हो गई है। इस मामले में आरोपी पूर्व छात्र व कर्मचारी मनोजीत मिश्रा, छात्र जायब अहमद और प्रमित मुखोपाध्याय फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं, जबकि सुरक्षा गार्ड पिनाकी बंद्योपाध्याय को जमानत मिल चुकी है। सुनवाई के पहले दिन सॉल्टलेक स्थित साइबर फॉरेंसिक और डिजिटल एविडेंस एग्जामिनर्स लैब के एक विशेषज्ञ की गवाही



दर्ज की गई। अदालत में उनके 'चीफ एग्जामिनेशन' (मुख्य बयान) की प्रक्रिया शुरू हुई है, जो इस सप्ताह आगे भी जारी रह सकती है। इसके बाद, सरकारी पक्ष द्वारा उनसे जिरह की जाएगी और आगे चलकर बचाव पक्ष के वकील भी उनका क्रॉस एग्जामिनेशन कर सकते हैं। मामले में विशेष लोक अभियोजक के रूप में बिभास चट्टोपाध्याय नियुक्त हैं, जबकि आरोपियों की ओर से राजू गंगोपाध्याय और दिव्येंदु भट्टाचार्य पैरवी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह घटना पिछले वर्ष जून के अंत में हुई थी, जिसके बाद पीड़िता का गोपनीय बयान दर्ज किया गया था। जांच एजेंसियों ने घटना के 58 दिनों के अंदर चारों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इस मामले में कुल 83 गवाह हैं, जिनमें पीड़िता के माता-पिता प्रमुख गवाहों के रूप में शामिल हैं। 14 जनवरी को अदालत में आरोप तय किए गए थे और 27 जनवरी से सुनवाई शुरू होने वाली थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इसमें देरी हुई। अंततः अप्रैल के तीसरे सप्ताह में सुनवाई प्रारंभ हो सकी। अदालत में आगामी दिनों में अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे, जिनमें पीड़िता के माता-पिता की गवाही भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# बालुरघाट में चुनावी पर्यवेक्षक की गाड़ी से टक्कर में टोटो चालक की मौत, फैला तनाव

**दक्षिण दिनाजपुर :** मतगणना से एक दिन पहले बालुरघाट के बाउल इलाके में रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में टोटो चालक की मौत हो गई। मृत टोटो चालक का नाम खोकन सरकार (42) है। यह हादसा उस समय हुआ जब कुशमंडी के चुनावी पर्यवेक्षक की गाड़ी तेज रफ्तार से आकर टोटो से टकरा गई। जानकारी के अनुसार, टोटो गली से निकलकर राष्ट्रीय राजमार्ग-512 पर चढ़ रहा था, तभी बालुरघाट की ओर से आ रही तेज गति की गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टोटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय गाड़ी में चुनावी पर्यवेक्षक मौजूद नहीं थे। हालांकि, गाड़ी का चालक सुरक्षित



बच गया, जबकि उसमें मौजूद एक सुरक्षा कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बालुरघाट जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। स्थानीय लोगों ने सड़क पर बैरिकेडिंग और बेहतर ट्रैफिक नियंत्रण की मांग उठाई है। सूचना मिलते ही पतिराम थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फिजिक्सवाला के छात्रों का आईसीएसई कक्षा 10 बोर्ड 2026 में शानदार प्रदर्शन

दुर्गापुर : फिजिक्सवाला (पीडबल्यू) के छात्रों ने आईसीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देशभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कई छात्रों ने 99.5 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर शीर्ष स्कोरर्स में जगह बनाई है। प्रमुख सफल छात्रों में शिवम अवस्थी (99.8%), आरव गोयनका (99.8%), प्रज्ञा पराशर (99.6%) और सत्यम घोष (99.6%) शामिल हैं। जिन्होंने 30 अप्रैल को घोषित परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

दुर्गापुर स्थित पीडब्ल्यू के टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन विद्यापीठ केंद्रों के छात्रों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इनमें आशुतोष भारती (98.60%), हिमाघ्न भट्टाचार्य (98.20%) और अक्षिता सोनार



(97.20%) प्रमुख हैं। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, सतत अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। शिवम अवस्थी ने कहा कि निरंतर तैयारी और स्कूल व पीडबल्यू के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे इस लक्ष्य तक पहुंचने में मदद की। वहीं, आरव ने कहा, लगातार रिवीजन और सैंपल पेपर्स हल करना मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा, जिससे मैं 99.8% स्कोर कर पाया। प्रजना ने बताया, अनुशासन बनाए रखना और एक स्ट्रक्चर्ड स्टडी प्लान फॉलो करना मेरे अच्छे अंकों का मुख्य कारण रहा। पीडबल्यू ऑनलाइन की कक्षाओं ने मेरी तैयारी को मजबूत किया और फैकल्टी ने हर कदम पर मेरा सहयोग किया।

इस अवसर पर अलख पांडे, संस्थापक एवं सीईओ, फ़िज़िक्सवाला ने कहा कि ये परिणाम छात्रों की निरंतर मेहनत और समर्पण को दर्शाते हैं। हमें हर उस छात्र पर गर्व है जिसने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए मेहनत की, और हमें खुशी है कि हम उनके इस सफर का हिस्सा बन पाए। इस वर्ष आईसीएसई कक्षा 10 परीक्षा में कुल 2,56,590 छात्र सफल हुए, जिसके साथ कुल पास प्रतिशत 99.13% रहा।

# पत्नी के प्रेमी की गला काटकर हत्या, आरोपी पति के खिलाफ सख्त सजा की मांग पर प्रदर्शन

**पुरुलिया :** जिले के कोटशिला थाना क्षेत्र के जाहरहातू गांव में एक युवक की गला काटकर हत्या के मामले में रविवार को इलाके में भारी आक्रोश देखने को मिला। मृतक की पहचान विष्णु महतो (26) के रूप में हुई है, जिनका लापता होने के एक दिन बाद रक्तरंजित शव बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, विष्णु 30 अप्रैल की सुबह घर से निकले थे, जिसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। अगले दिन सुबह उनका शव बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने सुरथचंद्र महतो नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी की पत्नी और मृतक के बीच प्रेम संबंध था, जिससे नाराज होकर आरोपी ने हत्या को अंजाम दिया। हालांकि, मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि यह हत्या सुनियोजित है और इसमें अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। इसी को लेकर रविवार को स्थानीय लोगों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी तथा कड़ी सजा की मांग की। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जयपुर क्षेत्र के उम्मीदवार दिव्यज्योति सिंह देव मौके पर पहुंचे और लोगों को आश्वासन दिया। पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

# स्वरूपनगर में सीमा से नौ लाख बांग्लादेशी टका के साथ भारतीय युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव के नतीजों से ठीक एक दिन पहले उत्तर 24 परगना जिले के स्वरूपनगर थाना क्षेत्र में भारत-बांग्लादेश सीमा इलाके से रविवार को बीएसएफ ने एक भारतीय युवक को भारी मात्रा में बांग्लादेशी टका के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार युवक का नाम इलियास गाजी है, जो स्वरूपनगर थाना क्षेत्र के तराली इलाके का निवासी है। तलाशी के दौरान उसकी बाइक की सीट के नीचे से करीब नौ लाख रुपये की बांग्लादेशी मुद्रा बरामद की गई। बताया गया कि रविवार के तड़के इलियास बाइक लेकर तराली सीमा क्षेत्र में संदिग्ध तरीके से घूम रहा था। इस दौरान वहां तैनात सीमा सुरक्षा



बल (बीएसएफ) के जवानों को उस पर शक हुआ और उसे रोककर पूछताछ व तलाशी ली गई तो भारी मात्रा में बांग्लादेशी मुद्रा बरामद की गई। पूरी रकम बांग्लादेशी टका में थी, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई। बीएसएफ की 143वीं बटालियन ने गिरफ्तार आरोपित व जब्त बांग्लादेशी टका को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए स्वरूपनगर थाने की पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर बांग्लादेशी टका के स्रोत आदि के बारे में जानकारी जुटा रही है।


# श्री कृष्णा नगर निगम स्कूल के हेडमास्टर दीनानाथ पांडे हुए सेवानिवृत्त



**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री कृष्णा नगर निगम स्कूल के हेडमास्टर दीनानाथ पांडे 30 अप्रैल 2026 को अपनी लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में 2 मई 2026 को उनके सम्मान में एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्रों ने भाग लिया। दीनानाथ पांडे ने 16 जुलाई 1996 को हावड़ा नगर निगम के स्कूल में सहायक शिक्षक के रूप में अपनी सेवा शुरू की थी। अपने लगभग तीन दशक लंबे कार्यकाल में उन्होंने पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। विद्यालय परिवार ने पांडे जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा मुस्कुराते हुए अपने दायित्वों को निभाया और शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

# आर्य प्रतिनिधि सभा बंगाल के प्रधान दीनदयाल गुप्त का निधन, वैदिक रीति से अंतिम संस्कार संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रसिद्ध समाजसेवी, आर्य नेता एवं आर्य प्रतिनिधि सभा बंगाल के प्रधान दीनदयाल गुप्त जी का 2 मई 2026 को प्रातः 10 बजे निधन हो गया। उनके निधन से आर्य समाज एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है। वे लंबे समय से आर्य संस्कृति के संरक्षण, गुरुकुलों एवं गौशालाओं के सहयोग तथा सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से शुरू होकर नीमतल्ला घाट तक पहुंची, जहां उनके पुत्रों विनोद कुमार गुप्त, विनय कुमार गुप्त, कृष्ण कुमार गुप्त और बजरंग कुमार गुप्त सहित परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा पूर्ण वैदिक विधि-विधान से अंतिम



संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में नेपाल, बांग्लादेश समेत देश-विदेश से सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित हुए। वैदिक मंत्रों और हवन के साथ यह संस्कार आचार्य योगेश शास्त्री के निर्देशन में आचार्य ब्रह्मदत आर्य, आचार्य राहुल देव, आचार्य सुदर्शन स्वामी दयानन्द सरस्वती, अपूर्व देवशर्मा, बिभाष सिद्धान्त शास्त्री आदि दर्जनों वैदिक विद्वान, आचार्य, पुरोहित सन्यासी गणों की पावन उपस्थिति में श्रद्धेय गुप्त जी का अन्त्येष्टि संस्कार संपन्न हुआ। दीनदयाल गुप्त वर्षों तक आर्य प्रतिनिधि सभा बंगाल में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए संगठन के प्रमुख स्तंभ रहे और वर्तमान में प्रधान पद पर आसीन थे। उनके निधन को आर्य समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। आर्य प्रतिनिधि सभा बंगाल के उपमंत्री शुभंकर ने बताया कि गुप्त जी ने अपने जीवन से उच्च आदर्श स्थापित किए और वे सभी के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्रोत थे।

# पूर्व रेलवे का 'मार्च मैराथन': यात्रियों की सुविधा के लिए चौबीसों घंटे सेवा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने मार्च 2026 के दौरान व्यापक स्तर पर रखरखाव अभियान चलाया। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में यह अभियान चौबीसों घंटे जारी रहा, जिसमें ट्रेनों के रोलिंग स्टॉक का बड़े पैमाने पर मेजर हेल्थ चेक-अप किया गया। इस अभियान के तहत रेलवे कर्मचारियों ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए कुल 162 यात्री कोचों का पूर्ण ओवरहॉल किया, जिनमें आधुनिक एलएचबी और पारंपरिक आईसीएफ कोच शामिल हैं। इसके अलावा, रोजाना लाखों यात्रियों की जीवनरेखा मानी जाने वाली 146 लोकल ट्रेन कोच (ईएमयू/एमईएमयू) की भी सर्विसिंग की गई। भारी परिचालन क्षेत्र में भी कार्य तेज गति से किया गया। 7 इलेक्ट्रिक इंजनों का गहन रखरखाव किया गया, जबकि 696 माल डिब्बों की सर्विसिंग कर आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को सुचारु बनाए रखा गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस व्यापक रखरखाव अभियान से तकनीकी खराबियों और देरी की संभावनाओं में कमी आई है। इसका सीधा लाभ यात्रियों को सुरक्षित और निर्बाध यात्रा के रूप में मिल रहा है। इस संबंध में पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा, हमारी टीमें दिन-रात कार्य कर रही हैं ताकि प्रत्येक यात्री को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिल सके।

### कूचबिहार में भीषण सड़क हादसा, दो की मौत व चार घायल

**कूचबिहार :** शहर के पास राजारहाट कालितला इलाके में रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। एक छोटी कार और यात्रियों से भरे ऑटो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कार राजारहाट से खागड़ाबाड़ी की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रहे ऑटो के साथ उसकी भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोग आवाज सुनकर तुरंत मौके पर पहुंच गए और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया।

# श्री विशुद्धानन्द हॉस्पिटल में डायलिसिस एवं चिकित्सा सेवाओं का विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल में चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिये भट्टड़ परिवार ने एक डायलिसिस मशीन, 2 वेंटिलेटर मशीन प्रदान कर मानव सेवा में सहयोग प्रदान किया। समाजसेवी बनवारीलाल सोती की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में प्रमुख अतिथि सुभाष मुरारका, राजकुमार भट्टड़, सुशील भट्टड़, शिवकुमार भट्टड़, सुधा भट्टड़, श्याम सुन्दर डागा, रोहित चौमाल एवं अतिथियों का स्वागत हॉस्पिटल के अध्यक्ष बनवारी लाल सोती, प्रधान सचिव सुरेन्द्र अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, हेमचन्द अग्रवाल, गिरधारीलाल मस्करा एवं कार्यकर्ताओं ने किया। राजकुमार भट्टड़ एवं सुधा भट्टड़ ने कहा कि भट्टड़ परिवार द्वारा प्रदत्त चिकित्सा सेवा में सहयोग हमारा नैतिक कर्तव्य है। सुभाष मुरारका ने हॉस्पिटल में निरन्तर चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामना दी। भट्टड़ परिवार ने



डॉक्टर्स, मेडिकल स्टाफ की मानव सेवा की सराहना करते हुए हरसम्भव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। हॉस्पिटल के प्रधान सचिव सुरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि 17 डायलिसिस मशीन की वर्तमान यूनिट में 6 मशीन और लगाकर विस्तार करने की तैयारी है। उन्होंने 4डी अल्ट्रासोनोग्राफी, उचित शुल्क में सिटी स्कैन, अत्याधुनिक डेन्टल, ऑर्थोपेडिक, स्मार्ट आईसीयू, ऑक्सीजन प्लांट एवं सभी विभागों की निरन्तर प्रगति की जानकारी दी। हेमचन्द अग्रवाल ने कहा कि डायलिसिस चिकित्सा उचित-न्यूनतम मूल्य पर की जा रही है। हॉस्पिटल के अध्यक्ष बनवारीलाल सोती ने भट्टड़ परिवार के सहयोग के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रोगियों की अत्याधुनिक तकनीक से चिकित्सा करना हॉस्पिटल प्रबंधन का उद्देश्य है। धन्यवाद ज्ञापन हेमचन्द अग्रवाल एवं समारोह का संचालन दीपक बंका ने किया। सुरेश बेरीवाल, सन्दीप गर्ग, निर्मल केडिया, संतोष नोपानी, राजकुमार व्यास, नरेन्द्र बागड़ी, नीरज खेतान, अनिल माहेश्वरी, इन्द्र कुमार व्यास एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

# सभी को रचनात्मक कार्यों के जरिये अपने विचारों को व्यक्त करने का अधिकार : जावेद अख्तर

**कोलकाता, समाज्ञा :** गीतकार जावेद अख्तर ने रविवार को कहा कि सभी को रचनात्मक कार्यों के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त करने का अधिकार है। अख्तर अपनी उपलब्धियों के लिए कोलकाता के एक प्रमुख आभूषण ब्रांड से विशेष पुरस्कार प्राप्त करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उनसे हाल में आई 'धुरंधर' जैसी कुछ फिल्मों को 'दुष्प्रचार' वाली फिल्म करार दिए जाने से जुड़ा सवाल किया गया तो गीतकार ने कहा कि सभी को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। अख्तर ने कहा कि मुझे नहीं पता कि 'दुष्प्रचार' वाली फिल्मों से आपका क्या मतलब है। मुझे 'धुरंधर' बहुत पसंद आई, जो एक बेहतरीन फिल्म है। उन्होंने कहा कि हर कहानी किसी न किसी पक्ष को दर्शाती है, लेकिन क्या कोई कहानी




सिर्फ इसलिए दुष्प्रचार बन जाती है क्योंकि उसका कथानक दर्शकों के एक वर्ग के लिए उपयुक्त नहीं है? हर किसी को अपने विचारों को व्यक्त करने का अधिकार है। अख्तर ने कहा कि हर फिल्म निर्माता का काम सच को दिखाना है।

बंगाल विधानसभा चुनावों के आने वाले परिणाम के बारे में पूछे जाने पर अख्तर ने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं; समाज चलाने के लिए सरकार की आवश्यकता होती है। लेकिन बंगाल सरकारों के लिए नहीं जाना जाता। बंगाल अपने इतिहास और साहित्य के लिए जाना जाता है, जिसका किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है। वर्ष 2014 में, केंद्र में भाजपा के सत्ता में आने के मुद्दे पर टिप्पणी करने का आग्रह किये जाने पर, अख्तर ने कहा कि वहां बदलाव होना तय था। उन्होंने कहा कि कभी-कभी बदलाव अवांछनीय होते हैं और कभी-कभी वांछनीय। मेरा मानना है कि युवा पीढ़ी मेरी पीढ़ी से बेहतर है। वे इस समाज को कहीं बेहतर बनाएंगे।

## एआई आधारित ऑफर्स के साथ 8 मई से शुरू होगी अमेजन इंडिया ग्रेट समर सेल 2026

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने घोषणा की है कि 'ग्रेट समर सेल 2026' 8 मई की मध्यरात्रि से शुरू होगी, जिसमें एआई आधारित चयनित उत्पादों पर आकर्षक ऑफर मिलेंगे। इस सेल में स्मार्टफोन, फैशन, किचन, होम अप्लायंस और दैनिक जरूरतों की वस्तुओं पर भारी छूट दी जाएगी। प्राइम सदस्यों को 3% तक अतिरिक्त छूट और 2,500 की खरीद पर 250 कैशबैक का लाभ मिलेगा, जबकि एचडीएफसी बैंक कार्ड से भुगतान पर 10% तक इंस्टेंट डिस्काउंट मिलेगा। कंपनी के अनुसार, रुफस, लेंस एआई और रिव्यू हाइलाइट्स जैसे टूल्स ग्राहकों को सही उत्पाद चुनने में मदद करेंगे। मोबाइल पर 40% तक, होम अप्लायंस पर 65% तक और फैशन-ब्यूटी श्रेणी में 80% तक की छूट उपलब्ध होगी। तेज डिलीवरी, नो-कॉस्ट ईएमआई और एक्सचेंज ऑफर के साथ यह सेल देशभर के ग्राहकों के लिए किफायती खरीदारी का अवसर प्रदान करेगी।

## साही ने जुटाई 33 मिलियन डॉलर की फंडिंग, टेक्नोलॉजी और विस्तार पर रहेगा फोकस

**कोलकाता, समाज्ञा :** परफॉर्मेंस-ड्रिवन ट्रेडर्स के लिए विकसित ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म साही ने 33 मिलियन डॉलर की सीरीज बी फंडिंग जुटाने की घोषणा की है। इस निवेश का नेतृत्व एक्सेल ने किया, जबकि एलिवेशन कैपिटल ने भी इसमें भागीदारी की। यह निवेश कंपनी की सीरीज ए के एक वर्ष के भीतर आया है, जो प्लेटफॉर्म की तेज वृद्धि और बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। अगस्त 2023 में डेल वाज और मनीष जैन द्वारा स्थापित साही एक एनएसई और बीएसई रजिस्टर्ड ब्रोकर है, जो एक्टिव रिटेल ट्रेडर्स को बेहतर टूल्स, तेज निष्पादन और प्रोफेशनल-ग्रेड इनसाइट्स उपलब्ध कराने पर केंद्रित है। प्लेटफॉर्म का चार्ट-आधारित इंटरफेस ट्रेडर्स को विश्लेषण से लेकर ट्रेड निष्पादन तक एक ही जगह पर सुविधा देता है। कंपनी के अनुसार, अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच ट्रेड वॉल्यूम में 24 गुना और एक्टिव ट्रेडर्स में 19 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। अब तक 13 करोड़ से अधिक ट्रेड्स निष्पादित किए जा चुके हैं और लगभग 4 लाख डीमैट अकाउंट्स ऑनबोर्ड किए गए हैं। यह निवेश साही को भारत के तेजी से बढ़ते रिटेल ट्रेडिंग बाजार में मजबूत प्रतिस्पर्धी स्थिति प्रदान करेगा।

## एवररेडी इंडस्ट्रीज का मजबूत प्रदर्शन, राजस्व 9.4% बढ़ा; जम्मू में अल्कलाइन बैटरी फैक्ट्री शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** एवररेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड (बीएसई: 531508 । एनएसई: एवररेडी) ने 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के ऑडिटेड परिणाम जारी किए। चौथी तिमाही में राजस्व 9.4% बढ़कर 327.2 करोड़ रुपये रहा, जबकि एबिटडा 28.7 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 141.8 करोड़ रुपये दर्ज हुआ। पूरे वित्त वर्ष 2026 में राजस्व 1455.4 करोड़ रुपये रहा, जो 8.2% की वृद्धि दर्शाता है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिर्बन बनर्जी ने कहा कि बैटरी, टॉर्च और लाइटिंग सेगमेंट में मजबूत प्रदर्शन रहा और जम्मू फैक्ट्री से उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी बिबेक अग्रवाल ने बताया कि 22 अप्रैल 2026 को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भारत की एकमात्र चालू अल्कलाइन बैटरी फैक्ट्री का उद्घाटन किया, जिससे आयात निर्भरता घटेगी।

# डीएस ग्रुप ने कैच प्रीमियम आयोडाइज्ड पिंक रॉक सॉल्ट के लिए अपना पहला टीवीसी लॉन्च किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज, अग्रणी एफएमसीजी समूह और मल्टी बिजनेस कारपोरेशन धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) का एक लोकप्रिय ब्रांड है। कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेज ने अपने कैच प्रीमियम आयोडाइज्ड पिंक रॉक सॉल्ट के लिए पहली बार एक टीवी विज्ञापन (टीवीसी) लॉन्च करने का ऐलान किया है। यह विज्ञापन डेंट्सू क्रिएटिव वेबचटनी ने बनाया है। इस कैंपेन के जरिए डीएस ग्रुप अब मसालों और स्प्रिंकलर्स से आगे बढ़कर नमक कैटेगरी में भी अपनी बात रख रहा है। इस टीवीसी का मकसद लोगों को डीएस ग्रुप के नमक के बारे में जागरूक करना है। यह टीवी, सोशल मीडिया और ओटीटी पर दिखाया जाएगा। विज्ञापन में एक मोहल्ले के पार्क जैसी जगह का मज़ेदार और आम दिनचर्या का सीन दिखता है, जहाँ दो माँएँ और उनके बच्चे बातें कर रहे होते हैं। कहानी के बीच में एक छोटी लड़की बड़े ही भोलेपन से कैच प्रीमियम पिंक रॉक सॉल्ट के फायदे और इसके आने की कहानी समझाती है। अर्नब घटक चौधरी, जनरल मैनेजर (मार्केटिंग), कैच सॉल्ट एंड स्पाइसेस ने कहा, इस कैंपेन के जरिए हमने नमक के फायदों को एक आम रोज़मर्रा के सीन में पेश करने की कोशिश की है। विज्ञापन में दो पड़ोसियों के बीच होती बातचीत के जरिए हमने कैच पिंक रॉक सॉल्ट की खासियतों को दिखाया है। यह कैंपेन हमारी सोच 'क्योंकि खाना सिर्फ खाना नहीं होता' को और मजबूत करता है।' यह टीवीसी 20 अप्रैल से टेलीविजन, सोशल मीडिया और ओटीटी पर देखने को मिलेगा।

# पूर्व रेलवे की 'ग्रीन व्हिसल' पहल से स्वच्छ रेल को मिल रही नई पहचान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के तहत रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में स्वच्छता का नया मानक स्थापित किया जा रहा है। 15 अप्रैल से 14 मई तक चल रहे माहव्यापी स्वच्छता जागरूकता अभियान के माध्यम से स्वच्छ भारत, स्वच्छ रेल की अवधारणा को जनभागीदारी से जोड़ते हुए एक व्यापक आंदोलन का रूप दिया गया है। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में यह अभियान केवल सफाई तक सीमित न रहकर व्यवहारिक परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सियालदह, हावड़ा, आसनसोल और मालदह मंडलों के डीआरएम चौबीसों घंटे अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी और कार्यान्वयन सुनिश्चित कर रहे हैं।

पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग के कर्मचारियों द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे



प्रतिदिन लाखों यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिल सके। जमीनी स्तर पर इस अभियान को गति देने में पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। 1 और 2 मई को इन स्वयंसेवकों ने विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर अभियान को नई ऊर्जा दी।

आसनसोल मंडल में अभियान के 16वें दिन आसनसोल स्टेशन पर आसनसोल-सियालदह इंटरसिटी एक्सप्रेस के साथ विशेष अभियान चलाया गया, जहां यात्रियों को प्लास्टिक कचरे को कम करने और डस्टबिन के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में सियालदह और हावड़ा मंडलों के नैहाटी और हलिशहर समूहों ने दमदम जंक्शन और नैहाटी स्टेशन जैसे व्यस्त स्टेशनों पर जागरूकता अभियान चलाया। हर ट्रैक पर बदलाव बनें के संदेश के साथ दुकानदारों और यात्रियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। इसके साथ ही चित्तरंजन और मधुपुर के बीच चलने वाली ट्रेनों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता का संदेश दूर-दूर तक पहुंचाया गया।

इस संबंध में, पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा, हम रेलवे कर्मचारियों और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय देख रहे हैं। हमारी टीमें दिन-रात कार्य कर रही हैं और इस अभियान की वास्तविक सफलता तब दिखती है, जब यात्री स्वच्छ कोच में सफर करते हुए संतोष महसूस करते हैं।






# मतगणना से पहले भूटान और बांग्लादेश बॉर्डर सील, 48 घंटे सीमा पार करने पर पाबंदी

**जलपाईगुड़ी :** वोटों की गिनती शुरू होने से 24 घंटे पहले पश्चिम बंगाल के साथ लगने वाले भूटान और बांग्लादेश के बॉर्डर सील कर दिए गए हैं। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार, जलपाईगुड़ी जिला प्रशासन ने घोषणा की है कि इंटरनेशनल बॉर्डर 48 घंटे के लिए कमर्शियल गाड़ियों के लिए पूरी तरह बंद रहेंगे–खासकर रविवार, 3 मई को सुबह 6 बजे से लेकर मंगलवार, 5 मई को सुबह 6 बजे तक। इस समय के दौरान, किसी भी गाड़ी या ड्राइवर को पश्चिम बंगाल से बांग्लादेश या भूटान जाने की इजाजत नहीं होगी, और न ही



वाहनों को इन दो पड़ोसी देशों से राज्य में आने की इजाजत होगी। हालांकि, कुछ छूट दी गई हैं, जैसे– इमरजेंसी सर्विस, हेल्थकेयर– इन पाबंदियों से पूरी तरह छूट दी गई है। इसके अलावा, जो पर्यटक अभी भूटान घूमने आए हैं, उन्हें भारत लौटने की इजाजत होगी। साथ ही, जो नागरिक काम से भूटान या बांग्लादेश गए थे, उन्हें सीमा पार करके अपने देश लौटने की इजाजत होगी। लेकिन, ऐसे मामलों में, नागरिकों को वैध दस्तावेज दिखाने होंगे। आयोग के निर्देशों के अनुसार, जो नागरिक घूमने के लिए भूटान या बांग्लादेश जाना चाहते हैं, वे बॉर्डर चेकपॉइंट पर वैध दस्तावेज दिखाने और अपने ट्रिप प्लान की जानकारी देने के बाद पड़ोसी देशों में जा सकते हैं। इमरजेंसी सर्विस से जुड़ी गाड़ियों को भी छूट दी जाएगी। ऐसे मामलों में, गाड़ी की अच्छी तरह से जांच और साथ में दिए गए दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही सीमा के रास्ते राज्य में आने या जाने की इजाजत दी जाएगी। इन निर्देशों के जारी होने के बाद, बानार्हाट में भूटान बॉर्डर पर मौजूद कालचीनी के बॉर्डर गेट सुबह से ही बंद कर दिए गए हैं। जयगांव–भूटान बॉर्डर भी बंद है। इसके अलावा, सिलीगुड़ी के पास फुलबारी में भारत–बांग्लादेश बॉर्डर को भी सील कर दिया गया है। हालांकि, बांग्लादेश बॉर्डर के मामले में, एंट्री पर खास तौर पर बांग्लादेशी नागरिकों पर रोक लगाई गई है। माना जा रहा है कि बॉर्डर के बंद होने से स्थानीय व्यापारियों और कारोबार पर काफी असर पड़ेगा। चिंता जताई गई है कि इस इलाके के स्थानीय व्यापारियों को काफी वित्तीय नुकसान हो सकता है, खासकर जयगांव और कालच–ीनी बॉर्डर पर सीमा पार आने–जाने पर रोक की वजह से।

## शुभेंदु अधिकारी ने मतगणना से पहले कुछ अधिकारियों पर ड्यूटी जानकारी लीक करने का लगाया आरोप

**✒ भाजपा नेता ने चुनाव आयोग से मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की**

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव की मतगणना से एक दिन पहले पहले भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ अधिकारी अपनी ड्यूटी, स्थान और जिम्मेदारियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी विभागीय संगठनों और संघों के साथ साझा कर रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से मामले पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे सोमवार को होने वाली मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर असर पड़ सकता है और पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता खतरे में आ सकती है। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मेरे संज्ञान में यह बात आई है कि मतगणना के दिन ड्यूटी के लिए तैनात कई अधिकारी कथित तौर पर अपनी ड्यूटी का विवरण, स्थान और पदनाम अपने–अपने विभागीय संगठनों और संघों को बता रहे हैं। मुझे यह जानकारी मिली है कि कुछ स्प्रेडशीट और सूचियां प्रसारित की जा रही हैं, जिनमें अधिकारी अपनी चुनाव ड्यूटी की जानकारी स्वेच्छा से या किसी दबाव में भर रहे हैं। इसमें मतगणना प्रक्रिया के दौरान उनकी विशिष्ट भूमिकाओं का विवरण भी शामिल है। शुभेंदु ने पोस्ट के साथ कुछ व्हाट्सएप मैसेज के स्क्रीनशॉट भी साझा किए। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संबंधी नियमों का एक गंभीर उल्लंघन है। भाजपा नेता ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया की पवित्रता और विश्वसनीयता, इसमें शामिल कर्मियों की तैनाती की गोपनीयता पर निर्भर करती है। इस गोपनीयता का कोई भी उल्लंघन परिणामों की निष्पक्षता को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। जब किसी अधिकारी की तैनाती का विशिष्ट विवरण किसी राजनीतिक झुकाव वाले संगठन या संघ को पता चल जाता है, तो इससे अनावश्यक राजनीतिक प्रभाव और दबाव (धमकी) की गुंजाइश बन जाती है। उन्होंने केंद्रीय चुनाव आयोग और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) से मामले का तत्काल संज्ञान लेने की मांग की। भाजपा नेता ने अपील की कि अधिकारियों को किसी भी संगठन या संघ के साथ अपनी मतगणना ड्यूटी साझा करने से रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए जाएं और इस तरह की जानकारी जुटाने वाले संगठनों की जांच कराई जाए।

## नतीजों से पहले भाजपा के जुलूस और अबीर खेल पर मचा सियासी घमासान

**✒ परिणाम आने से पहले ही जीत का दावा करना जल्दबाजी : टीएमसी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनावी नतीजे घोषित होने में अभी कुछ घंटे बाकी हैं, लेकिन उससे पहले ही राज्य के कई हिस्सों में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने विजय जुलूस निकालना शुरू कर दिया है। इस घटनाक्रम ने राजनीतिक माहौल को और गरमा दिया है, जहां एक ओर भाजपा खेमे में उत्साह दिख रहा है, वहीं सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने इसे लेकर तीखा तंज कसा है। रविवार की शाम से ही पुरुलिया समेत कई इलाकों में भाजपा समर्थकों को गेरुआ अबीर खेलते और जश्न मनाते देखा गया। पुरुलिया शहर में भाजपा प्रत्याशी और निवर्तमान विधायक सुदीप मुखोपाध्याय सिर पर कमल का प्रतीक लेकर ढोल–नगाड़ों की धुन पर नाचते नजर आए। इस पर, प्रतिक्रिया देते हुए सुदीप मुख–ोपाध्याय ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण मतदान हुआ है और बड़ी संख्या में लोगों ने वोट डाला है, जिसके लिए वे जनता का धन्यवाद कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी जीत तय है, इसलिए कार्यकर्ताओं का उत्साह स्वाभाविक है। सिर्फ पुरुलिया ही नहीं, पश्चिम मेदिनीपुर के घाटाल में भी भाजपा प्रत्याशी शीतल कपाट को समर्थकों के साथ जश्न मनाते देखा गया। यहां भी गेरुआ अबीर खेला गया और विजय उत्सव जैसा माहौल बना। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस ने इस पूरे घटनाक्रम पर तंज कसते हुए कहा कि परिणाम आने से पहले ही जीत का दावा करना जल्दबाजी है।

## मतगणना से पहले नोआपाड़ा में भाजपा नेता के घर पर फायरिंग, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मतगणना से एक दिन पहले, रविवार को उत्तर 24 परगना जिले में भाजपा के एक नेता के आवास के बाहर हुई गोलीबारी की घटना में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। भाजपा नेता कुंदन सिंह ने पुलिस में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया है कि शनिवार की देर रात के आसपास नोआपाड़ा निर्वाचन क्षेत्र में उनके घर पर कुछ बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। नोआपाड़ा से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन सिंह ने



सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दावा किया कि रात करीब 12:05 बजे दो हथियारबंद बदमाश मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाजपा पदाधिकारी और बैरकपुर संगठनात्मक जिला सचिव कुंदन सिंह के आवास पर उन्हें जान से मारने की नीयत से पहुंचे। भाजपा नेता के अनुसार, आरोपी गरुलिया के निवासी हैं और कुख्यात अपराधी हैं। उन्होंने बताया कि उनके नाम अपराधियों के रूप में चुनाव आयोग को सौंप दिए गए हैं। पुलिस अधिकारी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति वही हैं जिनका नाम अर्जुन सिंह ने लिया था। शिकायत के अनुसार, कुंदन सिंह के घर के बाहर एक बार गोलीबारी हुई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। दूसरी तरफ, तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार सोमनाथ श्याम ने अर्जुन सिंह के आरोप को खारिज करते हुए दावा किया कि भाजपा उम्मीदवार ने आसन्न हार से ध्यान हटाने के लिए गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था।

## मोथाबाड़ी कांड में एनआईए ने मतगणना से पहले तृणमूल नेताओं को किया तलब

**मालदह/कोलकाता :** मोथाबाड़ी कांड में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बार फिर जांच तेज कर दी है। एसआईआर के तहत कार्यरत न्यायिक अधिकारियों के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले में केंद्रीय एजेंसी ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को पूछताछ के लिए तलब किया है। मतगणना से ठीक पहले एनआईए ने मालदह जिले के कालियाचक थाने में रविवार को पेश होने का निर्देश जारी किया है। सूत्रों के अनुसार, इस क्रम में मालदह जिला परिषद के कर्माध्यक्ष अब्दुर रहमान को तलब किया गया है, जो सुजापुर सीट से तृणमूल उम्मीदवार सबीना यासमीन के चुनावी एजेंट भी हैं। इसके अलावा कालियाचक–1 ब्लॉक के तृणमूल अध्यक्ष मोहम्मद सरियुल को भी एजेंसी के समक्ष



उपस्थित होने को कहा गया है। दोनों को रविवार दोपहर 12 बजे तक कालियाचक थाने में पहुंचने का निर्देश दिया गया। इस मामले में और भी लोगों से पूछताछ की जा सकती है।


## आरजी स्टोन अस्पताल में जटिल किडनी समस्या का सफल इलाज

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी स्टोन यूरोलॉजी एंड लेप्रोस्कॉपी हॉस्पिटल, कोलकाता ने 'हॉर्सशू किडनी' से जुड़ी जटिल पीयूजे (पेल्वी–यूरेटेरिक जंक्शन) रुकावट के एक गंभीर मामले का सफल इलाज कर चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस सर्जरी का नेतृत्व डॉ. जीशान रहमान (परामर्शदाता, यूरोलॉजी) ने कुशल ऑपरेशन थिएटर टीम के साथ मिलकर किया। मरीज को लंबे समय से पीठ के बाईं ओर दर्द की शिकायत थी। जांच और एनसीसीटी केयूबी स्कैन में किडनी के बाईं ओर गंभीर हाइड्रोनेफ्रोसिस का पता चला। आगे की जांच में एक रक्त वाहिका द्वारा रुकावट की पुष्टि हुई, जिससे मामला और जटिल हो गया। विशेषज्ञों ने जनरल एनेस्थीसिया के तहत लैप्रोस्कोपिक पाइलोप्लास्टी की, जिसमें डीजे स्टेंट भी लगाया गया। 'मिनिमली इनवेसिव' तकनीक के माध्यम से रुकावट हटाते हुए रक्त वाहिका को सुरक्षित रखा गया। सर्जरी सफल रही और मरीज की रिकवरी तेज हुई। डॉ. जीशान रहमान ने इस बारे में और बताते हुए कहा, कम से कम चीर फाड़ वाली तकनीक हमें सबसे जटिल यूरोलॉजिकल बीमारियों का भी प्रभावी तरीके से इलाज करने में सक्षम बनाती हैं। इस तकनीक से मरीज की रिकवरी बहुत तेज होती है और सर्जरी के बाद होने वाला दर्द भी कम होता है। मरीज को स्थिर स्थिति में तीसरे दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, यह सफलता उन्नत तकनीक और विशेषज्ञता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# राज्यों की खबरें

## उत्तर प्रदेश में एक दिन में 35 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष एक दिन में 35 करोड़ पौधार–ोपण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने रविवार को 'वृहद पौधरोपण अभियान–2026' की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस अभियान को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने 'पौधे लगाएं भी, बचाएं भी' का संदेश देते हुए जनभागीदारी को इसकी सफलता का आधार बताया। योगी ने निर्देश दिया कि



'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में कम से कम पांच सहजन के पौधे लगाए जाएं जबकि विद्यालयों और कॉलेजों में हर छात्र एक पौधा अवश्य रोपे। बयान के मुताबिक, गंगा एक्सप्रेस–वे के दोनों किनारों, नदियों और राजमार्गों के आसपास बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा, जहां 4.35 करोड़ पौधे लगाने की तैयारी है। बयान में बताया गया कि अयोध्या में रामायणकालीन प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे तथा शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर वन एवं वाटिकाएं विकसित की जाएंगी। बैठक में बताया गया कि 2009–2016 के बीच 51.48 करोड़ पौधे लगाए गए थे जबकि 2017–2025 के दौरान रोपे गये पौधों की संख्या बढ़कर 242.13 करोड़ हो गई। इसी अवधि में वन एवं वृक्ष आवरण में 3.38 लाख एकड़ की वृद्धि दर्ज की गई है और हरित आवरण 9.96 प्रतिशत तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने 2030 तक 15 प्रतिशत और 2047 तक 20 प्रतिशत हरित आवरण का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि पौधों की जीवितता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए तकनीक आधारित निगरानी की जा रही है।

## मुंबई–पुणे एक्सप्रेसवे के 'मिसिंग लिंक' पर सेल्फी लेने के लिए रुकने वालों पर होगी कार्रवाई : अधिकारी

**मुंबई :** महाराष्ट्र राजमार्ग पुलिस ने मुंबई–पुणे एक्सप्रेसवे के नवनिर्मित 'मिसिंग लिंक' मार्ग पर सेल्फी और तस्वीरें लेने के लिए रुकने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। 'मिसिंग लिंक' की कुल लंबाई 13.3 किलोमीटर है। यह एक्सप्रेसवे के भोर घाट खंड के एक हिस्से को पार करती है तथा मुंबई और पुणे के बीच यात्रा की अवधि को 25–30 मिनट घटाती है। इसका उद्घाटन एक मई को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा किया गया था। महाराष्ट्र राज्य पथ विकास निगम (एमएसआरडीसी) द्वारा संचालित और ''इंजीनियरिंग का चमत्कार'' करार दी गई इस परियोजना में दो सुरंगें हैं और एक केबल पुल है जहां से विभिन्न घाटों की प्राकृतिक सुंदरता दिखती है। इस वजह से कुछ वाहन चालक तस्वीरें और सेल्फी लेने के लिए अपने वाहन रोक देते हैं। राजमार्ग पुलिस ने सेल्फी लेने और तस्वीरें खींचने के लिए रास्ते में रुकने पर प्रतिबंध लगा दिया है और चेतावनी दी है कि उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जा सकता है और यहां तक कि आपराधिक मामले भी दर्ज किए जा सकते हैं।

## अंडमान निकोबार में समुद्र के अंदर बनाया गया मानव पिरामिड, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल

**श्री विजय पुरम :** अंडमान निकोबार द्वीपसमूह ने रविवार को स्वराज द्वीप (पूर्व में हैवलॉक द्वीप) पर पानी के अंदर सबसे ऊंचा मानव पिरामिड बनाया गया। इसके साथ ही, लगातार दूसरे दिन दूसरा 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, उपराज्यपाल डीके जोशी सहित 14 लोगों ने इसमें हिस्सा लिया और उन्होंने 22.3 मीटर ऊंचा मानव पिरामिड बनाया तथा वे तीन मिनट तक पानी के अंदर रहे। इससे एक दिन पहले, केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने इसी द्वीप के पास समन्वित अभियान के तहत समुद्र के अंदर विश्व के सबसे बड़े राष्ट्रीय ध्वज को फहराकर ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया था। इस ध्वज का आकार लगभग 60 मीटर लंबा और 40 मीटर चौड़ा था। द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष उपराज्यपाल ने शनिवार के कार्यक्रम में भी भाग लिया था। अधिकारियों ने बताया कि लगातार हासिल की जा रही ये उपलब्धियां इन द्वीपों को एक प्रमुख वैश्विक गोताखोरी गंतव्य के रूप में स्थापित करने की पहल का हिस्सा हैं।

## झारखंड के गोड्डा में दो सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत, एक अन्य गंभीर रूप से घायल

**गोड्डा :** झारखंड के गोड्डा जिले में रविवार को दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, महागामा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)–133 पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। महागामा थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल के अनुसार मृतकों की पहचान बिहार के कटिहार जिला निवासी विपिन कुमार (30) और नुनाजोर गांव के सत्यम कुमार यादव (22) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया, तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दोनों मोटरसाइकिल सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एक अन्य हादसे में टाउन थाना क्षेत्र के सरकंडा गांव के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने–सामने की टक्कर में 30 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।


### नाम परिवर्तन

मैं, पन्ना देवी, पत्नी शंकर गोरे, निवासी ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड, गेट नंबर 7, पी.ओ.– एंगस, पी.एस.– भद्रेश्वर, जिला– हुगली, पिन– 712221, पश्चिम बंगाल, यह घोषणा करती हूँ कि अब से मेरा नाम श्रीमती गुलाची देवी के रूप में जाना जाएगा। यह घोषणा माननीय न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, हुगली, चंदननगर के समक्ष शपथ पत्र संख्या 7689, दिनांक 11.12.2025 के तहत की गई है। यह भी घोषित किया जाता है कि श्रीमती गुलाची देवी और पन्ना देवी एक ही व्यक्ति हैं।

### Change of Name

I, Aditi Chauhan D/o Ajeet Shankar, R/o Flat 4C, Surya Kiran apt., block-B, Narayantala Baguiati, Kolkata-700059 do hereby declare that I have changed my name from Aditi to Aditi Chauhan and henceforth I shall be known as Aditi Chauhan in all purpose, vide affidavit no. 8961 sworn before the Executive Magistrate at Muzaffarpur on 24.03.2023. Aditi Chauhan and Aditi both are same and one identical person.


## सिद्धरमैया सीएम बने रहेंगे, यदि नेतृत्व परिवर्तन होता है, तो खरगे को सीएम बनना चाहिए : रायरेड्डी

**कोप्पल (कर्नाटक) :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के प्रमुख सलाहकार बसवराज रायरेड्डी ने रविवार को कहा कि वह (सिद्धरमैया) अपने पद पर बने रहेंगे, लेकिन उनका विचार है कि यदि नेतृत्व परिवर्तन होता है तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को मुख्यमंत्री बनना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार रायरेड्डी ने खरगे से कहा कि नेतृत्व परिवर्तन की स्थिति में सिद्धरमैया की जगह उन्हें लेनी चाहिए। ये बयान ऐसे समय में आये हैं जब कांग्रेस और राजनीतिक हलकों में चार मई के बाद नेतृत्व परिवर्तन और मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर अटकलें चल रही है। कहा जा रहा है कि जब चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव तथा कर्नाटक में दो विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के परिणाम चार मई को घोषित हो जाएंगे तो राज्य में नेतृत्व परिवर्तन एवं मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकता है। रायरेड्डी ने कहा, ''पिछले हफ्ते मेरी मुलाकात खरगे से हुई और मैंने उनसे करीब 30 मिनट तक राजनीति, खासकर पार्टी और राज्य के प्रशासनिक मामलों पर चर्चा की। मैंने उनसे कहा कि अगर पार्टी को दोबारा सत्ता में आना है तो पार्टी को लेकर फैली मौजूदा अनिश्चितता को खत्म करना होगा।'' उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, ''मैंने उनसे कहा कि सिद्धरमैया को मुख्यमंत्री रहना चाहिए और अगर उन्हें हटाना ही है तो विधायकों की राय लेनी चाहिए। मैंने उन्हें स्पष्ट कर दिया कि मेरी निजी राय में, अगर किसी को सिद्धरमैया की बराबरी करनी है तो मल्लिकार्जुन खरगे को मुख्यमंत्री बनना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ शराब 'घोटाला': ईडी ने छापेमारी के दौरान सोने के आभूषण, बुलियन और नकदी जब्त की

**नयी दिल्ली :** छत्तीसगढ़ में कथित रूप से 2,800 करोड़ रुपये के शराब घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में की गई हालिया छापेमारी के दौरान 53 लाख रुपये की नकद राशि और चार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण एवं बुलियन जब्त किए गए। प्रवर्तन निद–ेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। शराब कारोबारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट, व्यवसायियों और कॉरपोरेट इकाइयों के रायपुर, दुर्ग, भिलाई (दुर्ग जिला) और बिलासपुर स्थित परिसरों पर 30 अप्रैल को छापे मारे गए। प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में कहा कि इन इकाइयों पर इस कथित 'घोटाले' से अर्जित अपराध की आय प्राप्त करने, उसे संभालने, कई स्तरों पर घुमाने या छिपाने का संदेह है। एजेंसी ने कहा कि छापेमारी के दौरान 53 लाख रुपये की नकदी और



3.23 किलोग्राम सोने के आभूषण तथा बुलियन जब्त किए गए, जिनकी कीमत 4.86 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, ''आपत्तिजनक'' दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी बरामद किए गए। केंद्रीय एजेंसी इस मामले में पहले भी कई दौर की छापेमारी कर चुकी है और अब तक 380 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क कर चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार, छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला 2019 से 2022 के बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान हुआ। निदेशालय ने आरोप लगाया है कि राज्य के वरिष्ठ नौकरशाहों और राजनीतिक हस्तियों से जुड़े एक ''आपराधिक'' गिरोह ने छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग को पूरी तरह अपने नियंत्रण में ले लिया था, जिससे राज्य के खजाने को ''भारी नुकसान'' हुआ। एजेंसी ने अपराध से अर्जित आय 2,883 करोड़ रुपये आंकी है।

## दिल्ली मेट्रो को 48,204 करोड़ रुपये की लागत से सात नये कॉरिडोर, 65 स्टेशन मिलेंगे : रेखा गुप्ता



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि सात नये कॉरिडोर और 65 स्टेशन के निर्माण से दिल्ली में मेट्रो कनेक्टिविटी 97 किलोमीटर तक बढ़ जाएगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के 32वें स्थापना दिवस पर गुप्ता ने बताया कि मेट्रो फेज–पांच (बी) के तहत राष्ट्रीय राजधानी के बाहरी और विकासशील क्षेत्रों को जोड़ने वाले सभी सात कॉरिडोर के निर्माण की अनुमानित लागत लगभग 48,204.56 करोड़ रुपये है। दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में गुप्ता के हवाले से कहा गया है कि लक्ष्य 2029 तक चार प्राथमिकता वाले कॉरिडोर को पूरा करना है। गुप्ता ने बताया कि पहला कॉरिडोर नजफगढ़ के ढांसा बस स्टैंड से नांगलोई तक होगा। उन्होंने बताया कि 11.859 किलोमीटर लंबा यह कॉरिडोर पूरी तरह से एलिवेटेड और स्वतंत्र कॉरिडोर होगा, जिसमें नौ स्टेशन होंगे। उन्होंने बताया कि नांगलोई (ग्रीन लाइन) और ढांसा बस स्टैंड (ग्रे लाइन) पर इंटरचेंज की सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि दूसरा कॉरिडोर (15.969 किमी) केंद्रीय सचिवालय को किशनगढ़ से जोड़ेगा, जिसमें से 13.731 किमी भूमिगत होगा। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर 10 स्टेशन होंगे, जिनमें नौ भूमिगत और एक एलिवेटेड स्टेशन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि तीसरा कॉरिडोर मौजूदा लाइन–2 को समयपुर बादली से नरेला डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तक विस्तारित करेगा। उन्होंने बताया कि यह 12.89 किमी लंबा कॉरिडोर पूरी तरह से एलिवेटेड होगा और इसमें आठ स्टेशन होंगे।

उन्होंने बताया कि 9.967 किमी लंबा चौथा कॉरिडोर लाइन–5 को कीर्ति नगर से पालम तक विस्तारित करेगा। उन्होंने बताया कि जोर बाग से मीठापुर तक की लाइन 16.991 किलोमीटर लंबी होगी और लोधी कॉलोनी, ओल्ड ईश्वर नगर, अली गांव, जैतपुर, मोलादबंद और मीठापुर को जोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि छठा कॉरिडोर शास्त्री पार्क से मयूर विहार फेज तीन तक होगा। उन्होंने बताया कि यह 13.197 किमी लंबा स्वतंत्र कॉरिडोर होगा, जिसमें 8.99 किमी का भूमिगत खंड शामिल होगा। उन्होंने बताया कि सातवां कॉरिडोर केशवपुरम से रोहिणी सेक्टर 34 तक विकसित किया जाएगा, जो पूरी तरह से एलिवेटेड 16.285 किमी लंबा होगा और इसमें 12 स्टेशन होंगे।

## दिल्ली में गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि का 'रेड अलर्ट' जारी, लोगों को सतर्क रहने की सलाह

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने के मौसम पूर्वानुमान को लेकर रविवार देर शाम 'रेड अलर्ट' जारी किया गया, जबकि कुछ क्षेत्रों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' भी जारी किया गया है। अधिकारियों ने मौसम खराब रहने के मद्देनजर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। 'रेड अलर्ट' का अर्थ है 'तत्काल कार्रवाई करें', जो मौसम संबंधी गंभीर परिस्थितियों का संकेत देता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शहर में गरज के साथ बारिश होने, ओलावृष्टि, धूल भरी आंधी चलने और मध्यम बारिश होने की प्रबल आशंका है। इस दौरान 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार



से हवाएं चल सकती है। आईएमडी ने बताया कि बाहरी उत्तरी दिल्ली, उत्तर–पश्चिमी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिण–पश्चिमी दिल्ली, उत्तरी दिल्ली के कुछ हिस्सों, मध्य दिल्ली, उत्तर–पूर्वी दिल्ली और शाहदरा के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया गया है जबकि दक्षिणी दिल्ली, दक्षिण–पूर्वी दिल्ली और उत्तरी दिल्ली के कुछ हिस्सों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। दिल्ली–एनसीआर के विभिन्न इलाकों में भी कुछ स्थानों पर इसी तरह से तेज हवाएं चलने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तेज हवाओं के कारण बड़े पेड़ों की शाखाएं टूट सकती हैं, कमजोर या पुराने पेड़ उखड़ सकते हैं, ऊंचे पेड़ों और बिजली के खंभों पर आकाशीय बिजली गिरने का खतरा है। मौसम विभाग ने इसके अलावा कच्चे मकानों, झोपड़ियों और कमजोर ढांचों को नुकसान पहुंचने, चारदीवारी के आंशिक रूप से गिरने, वाहन चलाने में कठिनाई और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी जताई है। अधिकारियों ने लोगों को सुरक्षित इमारतों में रहने, कमजोर ढांचों से दूर रहने और तेज हवाओं के दौरान खिड़कियों से दूर रहने की सलाह दी है।


### सूचना

व इजलास,
सब जज V,
नवादा।
हकियत वाद संख्या 396/2025
बेबी देवी वगैरह ..............वादीगण
बनाम
अजय सिंह वगैरह .......... प्रतिवादीगण
चूँ वजरिये गजट प्रकाशन के माध्यम से इस वाद के प्रतिवादी सं0 2 मन्ती सिंह पति रघुनन्दन सिंह, निवासी– 22/1ए. मस्जिद बाड़ी बरटोला, बिदान स्ट्रीट, थाना–बिदान स्ट्रीट कोलकता, जिला–बिदान स्ट्रीट कोलकता, पिन कोड–700006 को सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध न्यायालय से साधारण सम्मन एवं निबंधित डाक से नोटीश निर्गत किया जा चुका है, फिर भी आप न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए है।
अतः इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आप अगली तिथि दिनांक 9/06/26 को 10:30 बजे खूद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो अन्यथा आपके विरूद्ध इस वादकी कारवाई एकपक्षीय की जाएगी।
सब जज V,
नवादा।

### मारुति सुजुकी इंडिया की 2026-27 में दमदार शुरुआत, बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 42 प्रतिशत हुई

**नयी दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने नए वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत 42 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ की है, जो पिछले वित्त वर्ष के 39 प्रतिशत से अधिक है। उद्योग के अनुमानों के अनुसार कंपनी ने अप्रैल में 1,91,122 इकाइयों की रिकॉर्ड घरेलू बिक्री दर्ज की और इस महीने बाजार हिस्सेदारी में लगभग तीन प्रतिशत अंकों की वृद्धि की है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री), पार्थो बनर्जी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि हालांकि कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि की अगुवाई उसकी यात्री कारों ने की है, लेकिन इसमें एसयूवी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा, ''हमने अप्रैल में रिकॉर्ड बिक्री के साथ नए वित्त वर्ष की शानदार शुरुआत की है और बाजार हिस्सेदारी भी हासिल की है।'' कंपनी की इससे पहले की सबसे अधिक घरेलू बिक्री दिसंबर 2025 में 1,82,165 इकाइयों की थी। इस साल अप्रैल में यात्री कारों की बिक्री 96,725 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 68,244 इकाई थी।

### माइथोस से पैदा हुए साइबर खतरे के मद्देनजर सरकारी बैंक आईटी खर्च बढ़ाने की तैयारी में

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अपनी प्रणाली को सुरक्षित करने, ग्राहक डेटा की रक्षा करने और मौद्रिक संसाधनों को बचाने के लिए आईटी खर्च बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। यह कदम एंथ्रोपिक के 'क्लाउड माइथोस' एआई टूल और वित्तीय डेटा सुरक्षा पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर वैश्विक चिंताओं के बीच उठाया जा रहा है। माइथोस की उन्नत कोडिंग क्षमताएं इसे साइबर सुरक्षा की कमजोरियों का पता लगाने और उनका फायदा उठाने के तरीके विकसित करने की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान करती हैं। इससे यह चिंता बढ़ गई है कि इसका उपयोग बैंकिंग प्रणालियों को बाधित करने के लिए किया जा सकता है।

# कोयला गैसीकरण परियोजनाओं के लिए 37,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को जल्द मिल सकती है मंजूरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल जल्द ही कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोयला मंत्रालय ने कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने की योजना पर पहले ही एक कैबिनेट नोट तैयार कर लिया है, जिसका वित्तीय परिव्यय 37,500 करोड़ रुपये है। प्रस्तावित योजना का मकसद देश भर में सतह कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं में तेजी लाना है। इसका लक्ष्य एलएनजी, यूरिया, अमोनियम नाइट्रेट, अमोनिया, डीआरआई के जरिये से कोकिंग कोल, मेथनॉल और डीएमई जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर आयात निर्भरता कम करके आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। साथ ही, यह ईंधन और रसायनों के उत्पादन के लिए घरेलू कोयला और लिग्नाइट संसाधनों के उपयोग को बढ़ाएगा और 2030 तक 10 करोड़ टन कोयला गैसीकरण क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य का समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि यह बिना किसी श्रेणी वाली एक एकीकृत योजना है, और एक एकल परियोजना के लिए अधिकतम वित्तीय सहायता 3,000 करोड़ रुपये है। सूत्रों ने बताया कि गैसीकरण परियोजनाओं के लिए पिछली वित्तीय प्रोत्साहन योजना में सरकार ने तीन श्रेणियों के तहत वित्तीय सहायता दी थी, जिसमें निजी क्षेत्र के लिए प्रति परियोजना अधिकतम 1,000 करोड़ रुपये और पीएसयू के लिए प्रति परियोजना 1,350 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन शामिल था।



## एअर इंडिया के निदेशक मंडल की सात मई को बैठक

**लागत कटौती और नए प्रमुख के चयन पर चर्चा संभव**

**नयी दिल्ली/मुंबई :** भारी घाटे और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रही टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया का निदेशक मंडल सात मई को होने वाली बैठक में लागत घटाने के उपाय, नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के चयन, वित्तीय स्थिति और अन्य मुद्दों पर चर्चा कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, कंपनी को मार्च 2026 में समाप्त वित्त वर्ष में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक का घाटा होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कंपनी के समक्ष चुनौतियां और बढ़ गई हैं। सूत्रों ने बताया कि टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की बैठक सात मई को मुंबई में होगी। इसमें लागत घटाने के उपाय, वित्त वर्ष 2025-26 के वित्तीय नतीजे और नए सीईओ की नियुक्ति से जुड़े मुद्दों पर विचार किए जाने की उम्मीद है। टाटा संस और एअर इंडिया ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। तेजी से बढ़ती विमान ईंधन कीमतों के बीच लागत घटाने के कड़े उपायों के तहत एअर इंडिया टिकट से भोजन और व्यवसाय श्रेणी के यात्रियों के लिए विश्राम कक्ष सुविधा को अलग करने के विकल्प पर विचार कर रही है। सूत्रों ने बताया कि विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच लागत में कटौती के कड़े उपायों के तहत, एअर इंडिया अब हवाई टिकट से भोजन की सुविधा को अलग करने पर विचार कर रही है। इसके साथ ही, बिजनेस क्लास के यात्रियों के लिए 'लाउंज एक्सेस' की सुविधा को भी वैकल्पिक बनाने पर मंथन किया जा रहा है। सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि ये उपाय अभी केवल विचाराधीन हैं और इन्हें लागू करने पर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण हवाई क्षेत्र में लगी पाबंदियों के कारण एयरलाइन को कई अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए लंबा मार्ग अपनाना पड़ रहा है, जिससे ईंधन की खपत बढ़ रही है।




## विधानसभा चुनावों के परिणाम, तेल की कीमत, तिमाही नतीजों से इस सप्ताह तय होगी शेयर बाजार की चाल

**नयी दिल्ली :** इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से विधानसभा चुनावों के नतीजों और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों से तय होने का अनुमान है। विश्लेषकों ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि निवेशक पश्चिम एशिया संघर्ष और हॉर्मुज जलडमरूमध्य से संबंधित घटनाक्रमों पर भी नजर रखेंगे। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के पांच विधानसभा चुनावों के लिए मतों की गिनती सोमवार, चार मई से शुरू होगी। लिवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और अनुसंधान विश्लेषक हरिप्रसाद के ने कहा, ''सबसे तात्कालिक कारक प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनावों के परिणाम होंगे। निवेशक बारीकी से देख रहे हैं कि क्या केंद्र में सत्तारूढ़ दल पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को हरा सकता है और क्या विपक्ष शासित केरल तथा तमिलनाडु में सार्थक पैठ बना सकता है, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की इस समय सीमित उपस्थिति है।'' हरिप्रसाद ने कहा कि कच्चा तेल सबसे महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक कारक बना हुआ है। उन्होंने आगे कहा, ''हॉर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास चल रहे तनाव के बीच ब्रेंट तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं, जिससे मुद्रास्फीति का जोखिम है। भारत जैसी आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्था के लिए कच्चे तेल की लगातार ऊंची कीमतें रुपये पर दबाव डालती हैं। इसका कॉरपोरेट मार्जिन के साथ ही राजकोषीय गतिशीलता पर भी असर पड़ता है।'' इसके अलावा व्यापक आर्थिक आंकड़े, चौथी तिमाही के नतीजे और विदेशी निवेशकों के रुख से भी बाजार प्रभावित होगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, ''कच्चे तेल की कीमतों का रुझान प्रमुख बाहरी कारक बना रहेगा। अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे गतिरोध और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने की आशंका से बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।''

## पारा चढ़ने के साथ 'डिलीवरी' कर्मियों की सुरक्षा के लिए कंपनियों ने बढ़ाए कदम

**नयी दिल्ली :** देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के बीच तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन व्यापार और त्वरित वितरण क्षेत्र से जुड़े लाखों अस्थायी कर्मचारियों (गिग वर्कर) की कार्य परिस्थितियां फिर चर्चा में हैं। शहरों में दोपहिया वाहनों पर डिलीवरी करने वाले इन कर्मचारियों को गर्मी के मौसम में पानी की कमी, थकावट और लू लगने का अधिक खतरा रहता है। समय पर डिलीवरी के दबाव और तय लक्ष्यों के कारण उन्हें दिन के सबसे गर्म समय में भी काम करना पड़ता है, जबकि रास्ते में पीने के साफ पानी और छाया जैसी सुविधाएं अक्सर उपलब्ध नहीं होतीं। इस स्थिति को देखते हुए ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन, जोमैटो, स्विगी और जेप्टो जैसी प्रमुख कंपनियों ने अपने अग्रिम पंक्ति के कार्यबल को राहत देने के लिए कई विशेष उपायों की घोषणा की है। अमेजन ने 'प्रोजेक्ट आश्रय' के तहत प्रमुख शहरों में 100 वातानुकूलित विश्राम केंद्र शुरू किए हैं, जहां बैठने की सुविधा, शौचालय और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था है। कंपनी के अनुसार, इन केंद्रों का उपयोग अन्य कंपनियों के डिलीवरी कर्मी भी कर सकते हैं। कंपनी ने कहा कि इन केंद्रों पर हर महीने डेढ़ लाख से अधिक डिलीवरी कर्मियों को स्वच्छ पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं मिलती हैं। साथ ही, देशभर में स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जा रहे हैं, जहां चिकित्सक उन्हें गर्मी से बचाव के उपाय बताते हैं।



## पश्चिम एशिया संकट: चमड़ा, जूता उद्योग ने प्रमुख कच्चे माल पर शुल्क छूट की मांग की

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे माल की लागत में 40 से 60 प्रतिशत तक वृद्धि होने के बीच चमड़ा और जूता उद्योग ने कृत्रिम चमड़ा, धातु सहायक सामग्री, मशीनरी, धागे, सांचे और कुछ रसायनों जैसे महत्वपूर्ण कच्चे माल पर आयात शुल्क में छूट देने की मांग की है। एक उद्योग अधिकारी ने यह जानकारी दी। उद्योग ने हाल ही में इस संबंध में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के समक्ष मामला उठाया है। अधिकारी ने कहा कि निर्यातकों ने सरकार से प्रस्तावित 'फ्लोट' (फुटवियर एवं चमड़ा उन्मुख परिवर्तन) योजना को शीघ्र लागू करने का सुझाव दिया है, ताकि पूरे उत्पाद वर्ग, कच्चे माल, मशीनरी और अन्य आवश्यक सामग्रियों को इसमें शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए क्रस्ट और तैयार चमड़े के शुल्क-मुक्त आयात की भी मांग की गई है। अधिकारी ने कहा, पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे माल और अन्य आवश्यक सामग्रियों की लागत में 40-60 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। ऐसे में हमने सरकार से कृत्रिम चमड़ा , जूता घटक, धातु सहायक सामग्री, चमड़ा एवं जूता मशीनरी, धागे, सांचे, टो पफ, आईलेट, कुछ रसायन और पैकेजिंग सामग्री पर आयात शुल्क में छूट देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि रबर से जुड़े कुछ रसायन, पीयू चमड़ा, चिपकाने वाले पदार्थ, प्लास्टिक और जूते के तलवे पेट्रोलियम उत्पादों से तैयार होते हैं। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य बंद किए जाने से तेल और गैस के जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे लागत पर असर पड़ा है। कुछ अन्य आवश्यक सामग्री चीन, कोरिया, इंडोनेशिया और जापान जैसे देशों से आयात की जाती है। इस क्षेत्र में देश का आयात सालाना आधार पर 4.49 प्रतिशत घटकर 93.8 करोड़ डॉलर रह गया।

## कबाड़ वाहन नियम के कारण 2025-26 में वाहन उद्योग को 25,000 करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका

नयी दिल्ली : भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को वित्त वर्ष 2025-26 के शुद्ध लाभ में लगभग 25,000 करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका है, क्योंकि पर्यावरण संरक्षण (उपयोग समाप्त हो चुके वाहन) नियमावली 2025 के तहत वाहन विनिर्माताओं को अतीत में बेचे गए वाहनों के लिए पर्यावरण मुआवजे हेतु बजटीय प्रावधान करना होगा। उद्योग के अधिकारियों के अनुसार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जनवरी 2025 में अधिसूचित पर्यावरण संरक्षण (उपयोग समाप्त हो चुके वाहन) नियमावली, 2025 में एक साधारण दिखने वाले उपबंध ने वाहन विनिर्माताओं को उस समय डरा दिया, जब उनके ऑडिटरों ने इसके परिणामों की गंभीरता की ओर इशारा किया। जनवरी 2025 की अधिसूचना का ''नियम 4 (6)'' कहता है, ''यदि विनिर्माता अपना परिचालन बंद कर देता है, तो विनिर्माता को परिचालन बंद होने तक बाजार में पहले से उपलब्ध कराए गए वाहनों के संबंध में अपनी विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (ईपीआर) का पालन करना होगा।'' एक उद्योग कार्यकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, ''यह नियम लेखा मानक 'इंड एएस -ड 37- प्रावधान, आकस्मिक देनदारियां और आकस्मिक संपत्ति' को सक्रिय करता है, जिसका अर्थ है कि वाहन विनिर्माताओं को पिछले 20 वर्षों में बेचे गए निजी वाहनों और 15 वर्षों में बेचे गए वाणिज्यिक वाहनों के लिए ईपीआर प्रमाणपत्रों की लागत हेतु पर्याप्त वित्तीय प्रावधान करने होंगे।''

# स्पोर्ट्स

## स्पिनरों के बाद रघुवंशी के अर्धशतक से केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद का जीत का सिलसिला तोड़ा

**हैदराबाद :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन और अंगकृष रघुवंशी के अर्धशतक की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर उनकी लगातार जीत का सिलसिला तोड़ दिया। यह केकेआर की लगातार तीसरी जीत है।पहले गेंदबाजी करते हुए केकेआर के स्पिनरों ने धीमी पिच का पूरा फायदा उठाया। वरुण चक्रवर्ती (36 रन पर तीन विकेट) और सुनील नारायण (30 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने हैदराबाद की टीम 19 ओवर में 165 रन पर सिमट गई। एक समय टीम ने तेज शुरुआत की थी, लेकिन मध्य ओवरों में लगातार विकेट गिरने से पारी बिखर गई।लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने शुरुआत में ही एक विकेट गंवा दिया, लेकिन कप्तान अजिंक्य रहाणे (43 रन) और रघुवंशी ने दूसरे विकेट के लिए 84 रन की अहम साझेदारी कर टीम को संभाला। रघुवंशी ने 47 गेंद में 59 रन की संयमित पारी खेली, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल रहे। अंत में रिंकू सिंह (नाबाद 22) और फिन एलेन (29) की तेज पारियों से टीम ने लक्ष्य 10 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।इससे पहले हैदराबाद के लिए ट्रेविस हेड ने 61 रन की तेज पारी खेली और ईशान किशन (42 रन) के साथ अच्छी साझेदारी की। टीम ने पावरप्ले में 77 रन बना लिए थे, लेकिन हेड के आउट होते ही बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और अंतिम 10 ओवर में सिर्फ 60 रन जोड़कर नौ विकेट गंवा दिए।मैच का एक और खास आकर्षण नारायण का आईपीएल में 200 विकेट पूरे करना रहा, जिससे वह इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले चुनिंदा गेंदबाजों में शामिल हो गए। इस जीत के साथ केकेआर ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि हैदराबाद को लगातार पांच जीत के बाद हार का सामना करना पड़ा।




### बरानिका एलंगोवन ने महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा का अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

भुवनेश्वर : तमिलनाडु की पोल वॉल्टर बरानिका एलंगोवन ने रविवार को यहां पहले 'इंडियन इनडोर ओपन कंबाइंड इवेंट्स और पोल वॉल्ट' प्रतियोगिता के दौरान अपना ही पांच हफ्ते पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। बरानिका ने तीसरे ही प्रयास में 4.23 मीटर से अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड (4.22 मीटर) तोड़ दिया। यह रिकॉर्ड उन्होंने मार्च के आखिरी हफ्ते में इसी जगह पर हुई पहली राष्ट्रीय इनडोर चैंपियनशिप के दौरान बनाया था। पुरुषों के हेप्टाथलॉन में एन तौफिक ने 5350 अंक से स्वर्ण पदक जीता। पहले दिन 2943 अंकों के साथ वह सबसे आगे चल रहे थे। तमिलनाडु के कीर्तिक वासन एस ने 4609 अंक से पुरुषों का अंडर-20 हेप्टाथलॉन खिताब जीता।

## मुंबई और लखनऊ के बीच मैच में हार्दिक और सूर्यकुमार पर होगी निगाह


**मुंबई :** मुंबई इंडियंस के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की उम्मीदें बनाए रखना अब काफी मुश्किल हो गया है, लेकिन लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सोमवार का मुकाबला उसके लिए निर्णायक साबित हो सकता है। इस मैच में कप्तान हार्दिक पंड्या और प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के प्रदर्शन पर खास नजर रहेगी।मुंबई ने नौ मैचों में सिर्फ दो जीत दर्ज की हैं और टीम अंक तालिका में निचले पायदान पर है। हार्दिक (146 रन, चार विकेट) और सूर्यकुमार (186 रन) अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, जिससे टीम को नुकसान हुआ है। वहीं रोहित शर्मा चोट के कारण बाहर हैं, जिससे बल्लेबाजी और कमजोर हुई है। दूसरी ओर, एलएसजी भी खराब फॉर्म से जूझ रही है। कप्तान ऋषभ पंत की टीम लगातार पांच हार के बाद तालिका में सबसे नीचे है। बल्लेबाजी दोनों टीमों की कमजोरी रही है, जबकि गेंदबाजी में एलएसजी ने कुछ बेहतर प्रदर्शन किया है।ऐसे में यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए 'करो या मरो' जैसा है, जहां जीत ही आगे की उम्मीदों को जिंदा रख सकती है।

## तेज गेंदबाजों के कमाल के बाद सुदर्शन के अर्धशतक से टाइटंस ने पंजाब किंग्स को हराया

**अहमदाबाद :** गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स को गुजरात के गेंदबाजों ने कड़ी टक्कर दी। जेसन होल्डर ने चार विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि कागिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज ने दो-दो विकेट झटके। इसके चलते पंजाब किंग्स की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 163 रन ही बना सकी।जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी रही। साई सुदर्शन ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 57 रन की अहम पारी खेली। उनके अलावा वाशिंगटन सुंदर ने नाबाद 40 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दोनों बल्लेबाजों ने दबाव की स्थिति में समझदारी से खेलते हुए महत्वपूर्ण साझेदारी की।पंजाब किंग्स की ओर से सूर्यांश शेडगे ने 57 रन और मार्कस स्टोइनिस ने 40 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके। गुजरात टाइटंस ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 167 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। इस जीत के साथ टीम के 12 अंक हो गए हैं और प्लेऑफ की दौड़ में उसकी स्थिति मजबूत हुई है।

## मित्तल परिवार ने राजस्थान रॉयल्स में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**नयी दिल्ली :** जाने-माने उद्योगपति लक्ष्मी एन मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने अदार पूनावाला के साथ मिलकर 1.65 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,600 करोड़ रुपये) की बोली लगाकर राजस्थान रॉयल्स में सबसे अधिक हिस्सेदारी हासिल कर ली है। उन्होंने कल सोमानी-रॉब वाल्टन-शीला फोर्ड हैम्प के समूह के दौड़ से हटने के बाद यह सौदा किया। इस सौदे में दी गई राशि (1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर) राजस्थान रॉयल्स की पुरुष फ्रेंचाइजी पार्ल रॉयल्स और बारबाडोस रॉयल्स के उद्यम मूल्य को दर्शाती है। यह सौदा बीसीसीआई, सीसीआई, आईपीएल संचालन परिषद और अन्य लागू नियामक प्राधिकरणों के अनुमोदन सहित अन्य शर्तों के अधीन है। यह सौदा 2026 की तीसरी तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है। इससे पहले सोमानी के नेतृत्व वाले अमेरिका स्थित समूह ने 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी, लेकिन सूत्रों के अनुसार कई मुद्दों के कारण यह उचित जांच प्रक्रिया में खरा नहीं उतर पाया। मित्तल परिवार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''लक्ष्मी एन मित्तल और आदित्य मित्तल ने आज घोषणा की है कि अदार पूनावाला के साथ मिलकर मनोज बदाले और उनके समूह से राजस्थान रॉयल्स का अधिग्रहण करने के लिए एक निश्चित समझौते पर सहमति बन गई है।'' प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मित्तल परिवार के पास राजस्थान रॉयल्स का लगभग 75 प्रतिशत जबकि पूनावाला के पास लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा होगा। शेष लगभग सात प्रतिशत हिस्सेदारी मनोज बदाले सहित मौजूदा निवेशकों के पास रहेगी। राजस्थान रॉयल्स के बोर्ड में अब लक्ष्मी एन मित्तल, आदित्य मित्तल, वनिषा मित्तल भाटिया, अदार पूनावाला और बदाले शामिल होंगे।



# विदेश की खबरें

## विदेश मंत्री जयशंकर राजकीय यात्रा पर जमैका पहुंचे

**किंगस्टन :** विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत और जमैका के द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से इस कैरेबियाई देश की अपनी पहली यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। जयशंकर शनिवार शाम को जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद और टोबैगो की अपनी नौ दिवसीय यात्रा के पहले चरण में किंग्स्टन पहुंचे। इस यात्रा का उद्देश्य कैरेबियाई देशों के साथ भारत के रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करना है। विदेशमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जमैका की अपनी पहली यात्रा के लिए किंग्स्टन पहुंचकर बहुत खुशी हुई। विदेश मंत्री कामिना जे. स्मिथ द्वारा गर्मजोशी से किये गए स्वागत से अभिभूत हूं।'' किंग्स्टन पहुंचने पर जयशंकर का स्वागत जमैका की विदेश मामलों और विदेश व्यापार मंत्री स्मिथ ने उनका स्वागत किया। जयशंकर ने कहा, ''अगले दो दिनों में जमैका के नेतृत्व, व्यापारिक समुदाय और भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं।'' जयशंकर के किंगस्टन पहुंचने पर स्मिथ ने एक पोस्ट में कहा, ''विदेश मंत्री एस जयशंकर का कैरेबियाई देशों की यात्रा के पहले पड़ाव में किंग्स्टन में स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। यह जमैका में किसी भारतीय विदेश मंत्री की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। द्विपक्षीय, गोलार्धीय और बहुपक्षीय स्तरों पर हमारे देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए काम जारी है।''



## मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में अमेरिका के अभियोग के बाद मेक्सिको के गवर्नर, मेयर ने पद छोड़ा

**मेक्सिको सिटी :** अमेरिका द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी का आरोप लगाए जाने के बाद मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लौडिया शिनबाम की पार्टी के दो सदस्यों ने अपने पद से अस्थायी रूप से हटने की घोषणा की है। उत्तर पश्चिमी सिनालोआ राज्य से शिनबाम की पार्टी के इन सदस्यों ने बताया कि अमेरिका ने उन पर और आठ अन्य नेताओं एवं सुरक्षा अधिकारियों पर मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप लगाए हैं। शुक्रवार मध्यरात्रि को जारी एक वीडियो संदेश में अभियोग में नामित गवर्नर रुबेन रोचा मोया ने उन आरोपों का खंडन किया कि उन्होंने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह 'सिनालोआ कार्टल' को संरक्षण दिया और लाखों डॉलर की रिश्वत के बदले में उसे अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी में मदद की। पूर्व राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर के लंबे समय से सहयोगी रहे 76 वर्षीय रोचा ने कहा, ''मेरा ईमान साफ है। मैं अपने लोगों और अपने परिवार से आंख मिलाकर कह सकता हूं कि मैंने कभी आपको धोखा नहीं दिया और न ही कभी दूंगा।'' उन्होंने कहा कि वह छह साल से इस पद पर हैं, लेकिन अब वह अस्थायी रूप से इस पद से हट रहे हैं और अवकाश पर जा रहे हैं ताकि वह अपने ऊपर लगे ''झूठे और दुर्भावनापूर्ण'' आरोपों से अपना बचाव कर सकें और मेक्सिको की सरकार की जांच में सहयोग कर सकें। सिनालोआ राज्य की राजधानी कुलियाकान के मेयर जुआन डी डियोस गामेज मेंडिविल का नाम भी अभियोग में शामिल है। उन्होंने भी आरोपों से इनकार किया और पद से हटने का ऐलान किया।

### नेपाल सरकार ने 'राजनीति से प्रेरित' करीब 1500 नियुक्तियों को रद्द किया : रिपोर्ट

**काठमांडू :** नेपाल की नयी सरकार ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के माध्यम से एक व्यापक अध्यादेश जारी कर 1,500 से अधिक प्रमुख सार्वजनिक नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया में प्रकाशित खबरों के मुताबिक, ये नियुक्तियां 26 मार्च से पहले सत्ता परिवर्तन से पहले की गई थीं। बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने पांच मार्च को हुए चुनावों में देश के पारंपरिक राजनीतिक दलों के खिलाफ भारी विरोध का फायदा उठाते हुए सत्ता हासिल की। यह आम चुनाव सितंबर 2025 में 'जेनरेशन जेड' (1997 से 2012 के बीच जन्मे लोगों के लिए प्रयुक्त शब्द) विरोध प्रदर्शनों और केपी ओली की सरकार का पतन होने के कुछ महीनों बाद हुआ। काठमांडू पोस्ट अखबार के मुताबिक, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शनिवार को मंत्रिमंडल की सिफारिश पर ''सार्वजनिक पद धारकों को हटाने के लिए विशेष प्रावधानों पर अध्यादेश, 2083'' जारी किया।

वर्ष 11, पूर्णांक 3581 अंक 047 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in